कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 123 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

26 अक्टूबर 2024 शनिवार

आज का मौसम

30 अधिकतम

21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### ड्रोन व मिसाइल प्रोडक्शन सेंटर पर भी किया तड़के हमला

# इजरायल का ईरान पर जबर्दस्त अटैक एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह

**तेल अवीव , एजेंसी।**

इजरायल पर ईरान के मिसाइल अटैक के बाद से सभी को आशंका थी कि इजरायल बदला जरूर लेगा। आज तड़के इजरायल ने यही किया और ईरान के कई शहरों में रॉकेट बरसाए, तेहरान इस वक्त भी धमाकों से गूंज रहा है। हालांकि इजरायल ने ईरान की आम जनता को नुकसान न पहुंचाते हुये सैन्य ठिकानों को ही निशाना बनाया है। इजरायल ने अपना जवाब ईरान के हमले के पूरे 25 दिन बाद दिया है। इस बार ईराक और सीरिया पर भी बम बरसाए हैं। ईराक और ईरान के साथ-साथ इजरायल ने भी फिलहाल अपना एयर स्पेस यात्री फ्लाइट्स के लिये बंद कर कर दिया है। यह ईरान पर इतिहास का सबसे बड़ा हवाई हमला माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले में इजरायल के 100 से ज्यादा फाइटर जेट शामिल थे। इनमें अत्याधुनिक स्न-35 भी था। हालांकि अभी इजरायल ईरानी परमाणु ठिकानों या तेल क्षेत्रों पर हमला नहीं कर रहा है. उसका फोकस सैन्य लक्ष्यों पर है। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई के साथ ईरान को संदेश दिया है कि उस पर सीधे हमले का जवाब जरूर मिलेगा।




### ईरान का दावा - हवा में मिसाइलें नष्ट कीं

हालांकि ईरान के मुताबिक इजरायल की यह एयर स्ट्राइक फेल रही है। ईरान के मुताबिक उसके बावर-373 और एस-300 मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने हमले को नाकाम कर दिया। ईरान की न्यूज एजेंसी ने एक वीडियो पोस्ट किया है। कहा गया है कि हवा में ही टार्गेट तबाह हो रहे हैं। हमले में सीमित नुकसान हुआ है।

### संदेश...हर बार नहीं बचेगा ईरान

दरअसल,पिछले एक दशक में ईरान इस क्षेत्र में लगातार आक्रामक होता जा रहा है। इसने 2019 में सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इसने ओमान की खाड़ी में जहाजों पर हमला किया। बीते साल जहाजों पर हमला करने के लिए हूतियों को हथियार दिए। इराक में कुर्दों पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए। सीरिया और पाकिस्तान में सशस्त्र समूहों पर मिसाइलें दागी। इसने 2019 के बाद से सैकड़ों पर मिलिशिया के जरिए इराक में अमेरिकी सेना पर हमले करवाए। ईरान ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि कभी उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा अब इजरायल ने इस हमले से संदेश दिया है कि ईरान हर बार हमला करके बच नहीं सकता।

### अमेरिका को भरोसे में लेकर हमला!

खबरों के मुताबिक आज इजरायल ने हमला करने से पहले अमेरिका से चर्चा की थी और इसकी पूरी जानकारी दे दी थी। व्हाइट हाउस भी हालात पर नजर रखे हुए है। इस बीच, ईरान ने अपने यहां विमानों की आवाजाही पर रोक लगा दी है । इस बीच, ईरानी एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान भी इजरायली आक्रामकता का जवाब देने के लिए तैयार है। ईरान के अधिकारियों का कहना है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इजरायल को भी जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। बताया जाता है कि ईरान के फाइटर जेट भी उड़ान भरने की तैयारी कर रहे हैं।

## मप्र भाजपा को 20 तक सभी बूथों में मिलेंगे नए अध्यक्ष



**भोपाल,दोपहर मेट्रो ।** मप्र भाजपा अब संगठन चुनाव की रूपरेखा में व्यस्त हो गई है। हाल में व्यापक पैमाने पर चले सदस्यता अभियान के बाद आज मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा अन्य सभी पदाधिकारियों के साथ इस पर विमर्श कर रहे हैं। इस बैठक के लिये संगठन पर्व के प्रभारी, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि भी बुलाए गए हैं। यह एक किस्म का प्रशिक्षण वर्ग भी है। इसमें सभी जिला व मंडल में चुनाव की रूपरेखा बनाई जा रही है और इसके लिए प्रभारियों को जरूरी टिप्स दिये जा रहे हैं। बताया जाता है कि आगामी 10 से 20 नवंबर के बीच सभी बूथ अध्यक्ष बनाने के लिये बैठक में कहा गया है। इसके बाद दिल्ली से आगामी चुनाव कार्यक्रम आएगा। इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री यादव सतना रवाना होंगे। वे भोपाल से खजुराहो पहुंचेंगे और शाम चार बजे चित्रकूट रवाना होंगे। सीएम शाम 7 बजे वहां अंतरराष्ट्रीय रामलीला मंचन महोत्सव में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम चित्रकूट में ही करेंगे।

## ट्रक पलटा, चपेट में आए बाइक सवार व राहगीरों समेत 4 मौत



**सेंधवा।** बीती देर रात यहां एक बड़ा सडक हादसा हो गया। मिर्च से भरा मिनी ट्रक गाय को टक्कर मारकर असंतुलित होकर पलट गया। भारी भरकम ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवार एवं दो राहगीरों की उसके नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया।

## राहुल गांधी पहुंचे दिल्ली के सैलून, *कुछ भी नहीं बचता...*



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अब दिल्ली के एक सलून पर पहुंचकर शेविंग कराई। उन्होंने इसका वीडियो पोस्ट किया और लिखा- कुछ नहीं बचता है। आज के भारत के हर मेहनतकश गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति की कहानी बयां करते हैं। दरअसल यह सलून अजीत चलाते हैं। उन्होंने राहुल को बताया कि कैसे वे दिनभर काम करते हैं ताकि दिन के आखिर में कुछ पैसे बचा सकें। अजीत ने यह भी कहा कि राहुल से अपनी कहानी बताने के बाद उन्हें खुशी और संतुष्टि महसूस हुई।अजीत कह रहे हैं- पहले सोचा था आगे भविष्य हमारा अच्छा होगा, लेकिन यहीं के यहीं रह गए। हम क्या करें, हम दिव्यांग हैं। जिंदगी ऐसे ही कट रही है। बच्चों का भविष्य अधर में है। आपके राज में हम बहुत खुश थे सुकून था।

## लारेंस का इंटरव्यू कराने वाले 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**चंडीगढ़ ।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में पंजाब की भगवंत मान सरकार ने अब बड़ी कार्रवाई करते हुए डीएसपी गुरशेर सिंह संधू समेत छह अन्य पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इन सभी को बीती अप्रैल 2022 को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार आयोजित करने का दोषी पाया गया है। लॉरेंस तब सीआईए पुलिस स्टेशन, खरड़ में बंद था। ड्यूटी में कोताही और लापरवाही बरतने के आरोप में इन सभी को सस्पेंड किया गया है। तब लॉरेंस का यह इंटरव्यू एक टीवी चैनल पर चला था जो खूब वायरल हुआ।



## पुणे टेस्ट पलटा : न्यूजीलैंड ऑल आउट, भारत को 359 का लक्ष्य



**पुणे , एजेंसी।**

न्यूजीलैंड टीम ने पुणे टेस्ट में भारत को जीत के लिए 359 रन का टारगेट दिया है। इसके जवाब में आज दोपहर तक भारतीय टीम ने एक विकेट पर 88 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पचास रन की पार्टनरशिप की। जायसवाल ने इस दौरान 41 गेंदों पर अपने 50 रन पूरे किए। बाद में गिल को सेंटनर ने आऊट कर दिया। अब कोहली क्रीज पर आए हैं। आज कप्तान रोहित शर्मा 8 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी की शुरुआत 198/5 के स्कोर से की और टीम 255 रन पर ऑलआउट हो गई। रवींद्र जडेजा ने ऐजाज पटेल, मिचेल सैंटनर और टॉम ब्लंडेल को पवेलियन की राह दिखाई। जबकि आर अश्विन ने टिम साउदी को आउट किया। एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। ज्ञात हो टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

## 29 महीने में बनेगी सुप्रीम कोर्ट की एनेक्सी



पहले चरण में 38,250 वर्ग मीटर में काम किया जाएगा।

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के विस्तार भवन के पहले चरण का काम लगभग 29 महीने मे पूरा होगा। इसका भूमिपूजन समारोह हाल में मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ और सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में हुआ। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता, सॉलिसिटर जनरल मनन कुमार मिश्रा, अध्यक्ष, बार काउंसिल कपिल सिब्बल आदि भी मौजूद थे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि 86,000 वर्ग मीटर में फैली नई बिल्डिंग का निर्माण दो फेस में किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### निवेशकों की सालभर की कमाई चंद दिन की गिरावट में साफ

# बाजार की अजब चाल दीवाली के पहले निवेशकों के 40 लाख करोड़ रुपए डूबे

**मुबंई , एजेंसी।**

बाजार के लिये यह सप्ताह बहुत उतार चढ़ाव व नुकसान वाला ही रहा है। आलम यह है कि करीब महीने भर से यही आलम है लिहाजा कुछ दिन पहले तक यह पूछा जा रहा था कि कितना पैसा बना लिया मगर अब पूछा जाता है कि कितना माल डूब गया ! शेयर बाजार में पिछले कुछ हफ्तों से लगातार पैसे डूब रहे हैं। जबकि वर्षों तक इंतजार के बाद कई निवेशकों का पोर्टफोलियो हरा हुआ था, वो सब एक महीने के अंदर ही लाल रंग से पट रहा है। रिटेल निवेशकों की तो सालभर की कमाई चंद दिन की गिरावट में साफ हो गई है। इस तरह की गिरावट कोविड के दौर के बाद अब देखी जा रही है।

सबसे ज्यादा रिटेल निवेशकों में हाहाकार है। हर सुबह निवेशकों को यही लगता है कि अब बाजार में तेजी आएगी। लेकिन बिकवाली हर रोज हावी है। एक महीने में चुनिंदा मिडकैप-स्मॉलकैप शेयर 50 फीसद तक टूटे हैं। इंडेक्स की बात करें तो सेंसेक्स आल टाइम हाई से करीब 6500 अंक और निफ्टी करीब 2100 अंक नीचे आ गए हैं।



दोनों आठ आठ फीसदी फिसले हैं। बिकवाली के तूफान में महीने भर के अंदर निवेशकों के 40 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। 27 सितंबर को बीएसई का मार्केट कैप करीब 477 लाख करोड़ रुपये था, जो 25 अक्टूबर को गिरकर 437 लाख करोड़ पर आ गया है।

### मुनाफा वसूली बड़ा कारण

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाजार में बड़ी तेजी के बाद मुनाफावसूली हो रही है। इसलिए अभी निवेश करते समय बहुत सावधान रहना होगा। बाजार में गिरावट के कुछ अहम कारण यह भी है कि विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में तेजी से बिकवाली कर रहे हैं। वो भारत जैसे इमर्जिंग मार्केट से पैसा निकालकर चीन में लगा रहे हैं। भारत के मुकाबले चीन का बाजार थोड़ा सस्ता है।

### जीएसटी कलेक्शन से ज्यादा नुकसान

नुकसान को इस तरह से भी देख सकते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन कुल 20.18 लाख करोड़ रहा था। जबकि पिछले एक महीने में निवेशकों के 40 लाख करोड़ रुपये बाजार में डूब चुके हैं, ऐसे में सरकार सालभर में जीएसटी से जितनी आमदनी हुई थी, उससे दोगुनी राशि पिछले एक महीने के अंदर बाजार में डूब चुके हैं। इसे लेकर निवेशकों में आगामी दिनों के लिए आशंका गहरा रही है



## दीवाली की खरीदी: बाजार में उमड़ रही भीड़





भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में दीपावली के त्यौहार के चलते बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। लोग कपड़ों, सजावटी समानों की खरीदारी कर रहे हैं।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे शहर के बाजार, ग्राहकों का रखेंगे ख्याल

**भोपाल।** दिवाली पर्व की ग्राहकी और उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए-पुराने भोपाल के लगभग सभी छोटे-बड़े बाजार दिवाली के दिन तक खुले रहेंगे। व्यापारिक संगठनों ने भी इसकी सूचना सभी को दे दी है। अनाज मंडी शनिवार-रविवार को बंद रहने के बाद सोमवार को खुलेगी। किराना बाजार -पुराने शहर के हनुमानगंज, जनकपुरी गल्ला बाजार एवं थोक किराना बाजार रविवार को भी खुले रहेंगे। यह जानकारी भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुनील पंजाबी ने दी। न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ ने भी सोमवार को बाजार खोलने का निर्णय लिया है। सोमवार को बाजार में साप्ताहिक अवकाश रहता है लेकिन दीप पर्व की ग्राहकी को देखते हुए बाजार की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। न्यू मार्केट में सोमवार को बाजार खोलने की जानकारी सभी व्यापारियों को दे दी गई है। शहर की सभी सराफा दुकानें दिवाली तक पूरे दिन खुली रहेगी। ग्राहकों की सुविधा के लिए शहर के सभी सराफा प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। वहीं शहर का 10 नंबर स्थित मार्केट भी दीप पर्व तक खुले रहेंगे। भेल क्षेत्र में अलग-अलग दिनों में बाजारों में अवकाश रहता है लेकिन 1 नवंबर तक सभी बाजार खुले रहेंगे।

# खुद को जिंदा साबित करने के लिए भटक रही है वृद्धा!

## अधिकारियों ने मृत घोषित किया, अब जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल सहित प्रदेश के 13 मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल के नरेला क्षेत्र में रहने वाली एक वृद्ध महिला को नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मृत घोषित करने का है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीड़ित वृद्ध महिला की समस्या का समाधान कराकर की गई कार्यवाही के अभिलेख सहित, संबंधित अधिकारी को ऐसी त्रुटि के संबंध में स्पष्टीकरण सहित प्रतिरक्षा हेतु आयोग की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई हेतु भेजे जाने के लिए सूचना पत्र भेजने की बात कही है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, वृद्ध के जीवित होने के बावजूद उसे मृत घोषित करने से पीड़ित वृद्ध महिला को उसकी पेंशन से वंचित रहना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित वृद्ध महिला खुद को जीवित साबित करने के लिये कार्यालय एवं विभागों में दर-दर भटक रही है, जिस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ विभिन्न परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।

### कॉलोनियों में घूम रहा साइको

भोपाल शहर के दानिश नगर और आसपास की कॉलोनियों में बीते एक महीने से एक साइकों चोर के घूमने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीते एक महीने से साइकों चोर 10 से ज्यादा घरों में चोरी करने की कोशिश कर चुका है। साइको चोर की हरकतें कॉलोनियों में लगे सीसीटीवी फुटेज में सामने आई तब लोगों को इसका पता चला है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।



### भूख और प्यास से महिला की मौत की आशंका

भोपाल जिले के निशातपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक घर में 80 साल की बुजुर्ग महिला का शव मिलने की घटना सामने आई, जिसमें पुलिस को आशंका है, कि बुजुर्ग की मृत्यु घर में बंद रहने के कारण भूख और प्यास की वजह से हुई है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर से जांच कराकर प्रतिवेदन मांगा है।

## स्वच्छता चौपाल में रेल कर्मियों व यात्रियों ने ली स्वच्छता की शपथ



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे स्टॉफ के साथ यात्रियों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने स्वच्छता को आदत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक मुजीब अहमद अंसारी, आरपीएफ थाना प्रभारी सरिता सरिता बघेलस्टेशन पर तैनात आरपीएफ, जीआरपी एवं रेलवे के कर्मचारी तथा कर्मचारी महेन्द्र सूरजर, सब इंस्पेक्टर, सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र, आरके मिश्रा, ब्रजराज पाठक, जानी कुमार, रामस्वरूप स्वामी, संजय यादव, दीपमाला, अशोक प्रजापति, राम खिलावन द्विवेदी, अंकित पाठक आदि के अलावा पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवि कलतारी ने हिस्सा लिया।

**ट्रेनों में रहें सर्तक:** इस मौके पर आरपीएफ की थाना प्रभारी सरिता बघेल ने यात्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रेनों में न खुद कचरा करें न ही किसी को करने दे अगर कोई नहीं मानता है तो इसके लिए टोल फ्री नम्बर है, जिस पर सूचना देने से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यहां स्टेशन अधीक्षक मुजीब अहमद अंसारी एवं सुरेश जसवानी ने कहा कि बीमारियों का मुख्य कारण गन्दगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत का नारा दिया है इसलिए हम अपने घर, मोहल्ले, शहर के अलावा स्टेशन एवं ट्रेनों को भी स्वच्छ रखकर आदर्श नागरिक होने का परिचय दें। स्वच्छता बावत यात्रियों को रवि कलतारी एवं संजना ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर यात्रियों ने भी सुझाव दिए व कहा कि वे खुद भी सर्तक रहेंगे और दूसरों को भी स्वच्छता बावत आवश्यक संदेश देंगे।

## सीआई तिराहा से अहिल्याबाई तिराहा का 5 फीसदी काम हुआ

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सीआई तिराहा से अहिल्याबाई तिराहा तक करीब साढ़े छह किमी लंबी चार लेन सीसी रोड में बीते दो माह में महज पांच फीसदी काम हुआ है। इसका काम भी महज पांच फीसदी ही बचा है। इस रोड से अरेरा कॉलोनी से लेकर शाहपुरा, कोलार से जुड़ी 40 से अधिक कॉलोनियों के लोग सीधे जुड़े हुए हैं। जलसंसाधान विभाग ने इस रोड के किनारे नहर के हिस्से को लोहे की जाली में बंद कर नाला बनाने का काम शुरू किया है। खुली नहर में दुर्घटना की आशंका खत्म करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इस रोड के बीच में कलियासोत नदी पर 80 मीटर लंबा ब्रिज चार लेन होना है। अभी ये दो लेन है। इसके लिए बजट में पांच करोड़ रुपए मंजूर है, लेकिन काम ही शुरू नहीं किया गया। अब रोड का काम शुरू हो गया है। तेजी से हम हमारा काम पूरा कर रहे हैं। बीच में कुछ स्थिति बनी थी, जिसे सुलझा लिया है। ब्रिज का काम ब्रिज सेक्शन देखेंगे। जलसंसाधान विभाग द्वारा लगाई गई लोहे की जाली के कारण परेशानी हो रही है। विभाग का तर्क है कि इससे दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं।



## नवनिध रहा चैंपियन, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट रनरअप

### जिज्ञासा- 2024: प्रदेश के कई हिस्सों से संतनगर आए विद्यार्थी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

एसएचआईएम जिज्ञासा में विभिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के दो हजार विद्यार्थियों ने भागीदारी की। नवनिध हसोमल लखानी पब्लिक स्कूल ने चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। रनरअप चैंपियनशिप ट्रॉफी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को मिली। एसएचआईएम जिज्ञासा में जहाँ डांस कॉम्पटीशन में राजस्थानी एवं पंजाबी डांस पर तालियां बजीं, वहीं सिंगिंग कॉम्पीटीशन में प्रतिभागियों के साथ दर्शक भी गुनगुनाते रहे। रंगोली प्रतियोगिताओं में अलग-अलग रंगों ने कई संदेश दिए। कोलाज मेकिंग के द्वारा प्रतिभागियों ने अपनी क्रिएटिविटी को मूर्तरूप दिया। सोलो डांस, ग्रुप डांस, रंगोली, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, फोटोग्राफी, बेस्ट आउट ऑफ़वेस्ट, पेपर ड्रेस की सृजनात्मक रचना देखने को मिली। क्विज कंपटीशन में एक के बाद एक राउंड में कश्मकश बढ़ रही थीकि कौन सी टीम जीतेगी। जिज्ञासा में आयुष एंड ग्रुप का स्पेशल का बैंड पर फॉर्मेंस था, जिसमें सभी लोग बैंड के साथ एक धुन में गा रहे थे। कार्यक्रम में भोपाल के प्रतिष्ठित स्कूलों के अलावा होशंगाबाद, शुजालपुर, सीहोर, आष्टा, बीना, कुरावर एवं अन्य जगहों से भी छात्र-छात्राएं हिस्सा लेने आए थे। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया एवं चैंपियन शिप ट्रॉफी नवनिध हसोमल लखानी पब्लिक स्कूल को प्रदान की, रनरअप चैंपियन शिप ट्रॉफी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को दी।




**मेट्रो एंकर** | साधु वासवानी स्कूल में दीपावली कैसे मनाएं सेमीनार

## दीपावली प्रकाश का पर्व, मिट्टी के दीयों से करें घरों को रोशन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में आज दीपावली कैसे मनाएं सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि हमें दीपक उन घरों में जलाने हैं जहां अभी भी अंधेरा है हमें गरीबों के पास जाकर उन्हें मिठाईयां आदि देकर उनके साथ खुशियां बांटनी चाहिए एवं उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। तभी दीपावली पर्व मनाना सार्थक होगा। सेमीनार में बतौर वक्ता शिक्षिका दीक्षा रामचंदानी ने कविता के माध्यम से दीपावली पर्व कैसे मनाएं बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि समय के साथ पर्व पर बाजार हाबी हो गया है। पटाखों को चलाना, लाइट की बेजा सजावट कर हम पैसों का दुरूपयोग करते हैं। शिक्षिका ममता सिंह चंद्रा ने कहा कि दीपावली पर खुशियां बांटे अपने पैसों का सद्पयोग गरीब बच्चों को उपहार देकर करें। खुशियां बांटने से ब?ती हैं। शिक्षिका याशिका वरंदानी ने बताया कि दीपावली दीपों का त्योहार है, ज्यादा से ज्यादा दीप जलाएं और लाइट की बचत करें।




विद्यालय के प्राचार्य सुतापा जैसवाल ने कहा कि दीपावली पर हम उन जवानों को न भूलें जो बार्डर पर बैठे रहते हैं साथ ही दान की प्रथा को भी इस बार न भूलें, क्योंकि दान करने से हमारे घर में कोई कमी नहीं रहती। उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने कहा कि आज के सेमीनार में आप ने जो महत्वपूर्ण बातें सुनी उन बातों पर अमल करें। दीयों से घर में रोशनी करें घर की बनाई हुई मिठाई का सेवन करें। पटाखे जलाना धन का दुरूपयोग है। छात्रा मानव राजपूत ने कहा कि हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों को दुःख नहीं पहुंचाना चाहिए, पटाखों से पर्यावरण प्रदूषित होता है, इसलिए पटाखे नहीं जलाने चाहिए।

**यह मौजूद रहे:** कार्यक्रम में पीआरओ दीपा आहुजा, नीतू माधवानी, दीप्ति वाधवानी, रचना राजपूत, भूमि हेमनानी, पूजा दादलानी तथा ब?ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। संचालन भावना कलवानी ने तथा आभार उपप्राचार्या स्वाति कलवानी ने व्यक्त किया ।

## तकनीशियन के भरोसे नहीं चलेगी निजी पैथोलॉजी

### सीएमएचओ करेंगे निरीक्षण, पैथोलॉजिस्ट देंगे हर 15 दिन में रिपोर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में निजी पैथोलॉजी लैब केवल तकनीशियन के भरोसे नहीं चलेंगी। स्वास्थ्य विभाग देखेगा कि योग्यताधारी पैथोलॉजिस्ट लैब चला रहे हैं या नहीं। सीएमएचओ निजी लैब का औचक निरीक्षण करेंगे। निजी पैथोलॉजिस्ट को भी हर 15 दिन में रिपोर्ट देनी होगी कि उन्होंने कब और किस लैब में सेवाएं दीं। इस व्यवस्था से लोगों को



गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट मिलेगी। स्वास्थ्य एंव चिकित्सा शिक्षा विभाग के पीएस संदीप यादव ने इसके निर्देश दिए हैं। योग्यताधारी एक अतिरिक्त लैब में सेवाएं दे सकते हैं। जो पैथोलॉजिस्ट अपनी लैब नहीं चलाते, वे अधिकतम दो लैब में ही सेवाएं दे सकते हैं।

# स्थापना दिवस पर चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे, एयर-शो संभव

## मुख्यमंत्री ने ली स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश का स्थापना दिवस एक नवंबर को मनाया जाएगा। इसके दो दिन पहले और दो दिन बाद तक प्रदेश में भव्य उत्साह पूर्वक समारोह होंगे। इसकी शुरुआत राजधानी के लाल परेड ग्राउंड से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त समारोह को उत्साहपूर्वक मनाए जाने की तैयारियों को लेकर शुक्रवार शाम निवास पर सीएस अनुराग जैन समेत अधिकारियों के साथ चर्चा की। सरकार इस दिन एयर शो कराने को उत्सुक हैं, और वायुसेना के संपर्क में हैं।

मुख्यमंत्री के मुताबिक अधिकारियों के प्रयासों से जरुरतमंदों को खुशियां बांटने के अलग-अलग प्रबंध होंगे। जिसमें निर्धन वर्ग व जरुरतमंदों को मदद पहुंचाई जाएगी। उनके बच्चों को विभिन्न माध्यमों से पटाखे उपलब्ध कराए जाएंगे। सेना की ओर से बैंड के जरिए लाल परेड ग्राउंड पर भव्य



प्रस्तुतियां दी जाएगी। रवींद्र भवन में अनेक कार्यक्रम होंगे। स्थापना दिवस के दूसरे दिन 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी, जो पहली बार संस्थागत रूप से होगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि श्रमिकों, अस्पतालों में दाखिल निर्धन वर्ग के रोगियों और अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को खुशी देने के प्रयास हो। शासकीय अधिकारी, व्यापारी वर्ग, उद्योगपति और निजी क्षेत्र के संस्थान भी प्रदेश के स्थापना दिवस और दीपावली पर सामाजिक प्रकल्प हाथ में लें, लाल परेड पर 30 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम में भारतीय सेना की ओर से बैंड प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, शहरी गरीब बस्तियों में सेवा कार्यों का संचालन हो, विशेष रूप से निर्माण श्रमिकों का त्यौहार पर ध्यान रखते हुए उनके बच्चों के लिए मिष्ठान और पटाखों की व्यवयस्था की जाए। जिलों में कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि ऐसे सेवा कार्यों का नेतृत्व करें, स्व-सहायता समूहों की बहनों द्वारा निर्मित उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध करवाए जाएं। माटी शिल्प, काष्ठ शिल्प और अन्य कलाओं से जुड़े शिल्पकारों के

### यह भी होगा

- **एक** नवम्बर को अमृत मध्यप्रदेश के तहत समवेत नृत्य-नाटिका प्रस्तुत होगी। यह प्रस्तुति प्रदेश की सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विशिष्टताओं पर आधारित होगी। नाटिका में अनेक पावन स्थलों के महत्व को भी प्रदर्शित किया जाएगा। शिखर सम्मान से अलंकृत चंद्रमाधव बारिक ने इस नृत्य नाटिका का निर्देशन किया है। प्रस्तुति में 108 कलाकार हिस्सा लेंगे।
- **लोकमाता** अहिल्या देवी को समर्पित महेश्वर घाट की थीम पर कार्यक्रम का आकल्पन किया जा रहा है। सुगम संगीत के अंतर्गत गायक और संगीतकार अंकित तिवारी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।
- **वीरांगना** रानी लक्ष्मीबाई पर निर्मित प्रोजेक्ट खूब ल?ी मर्दानी के लिए संगीत देने वाले तिवारी ने अनेक हिंदी फिल्मों में भी संगीत दिया है।
- **रवीन्द्र** भवन में सांस्कृतिक संध्या के साथ ही एक नवम्बर को जन अभियान परिषद द्वारा प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा।

# '2030 तक देश में जल की मांग दोगुनी हो जाएगी'

## जल संरक्षण पर मेपकास्ट का सरोजिनी नायडू कॉलेज में हुआ एक्सपर्ट लेक्चर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग दोगुनी हो जाएगी एवं 2025 में पूरे विश्व में जल संकट की समस्या होगी। देश के कई राज्यों में जल की गंभीर समस्या है और वर्ष 2030 तक भारत की 40 प्रतिशत जनसंख्या के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा। यह बात शुक्रवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमवीएम के पूर्व प्राध्यापक एवं हाइड्रोलॉजिस्ट डॉ. वी के पाराशर ने कही। मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डॉ. वी के पाराशर ने बताया कि भारत के 25 बड़े शहरों में जल संकट गंभीर रूप से सामने आएगा। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा हर प्रदेश में जल प्रबंधन हेतु कम्पोजिट वाटर मेनेजमेंट इंडेक्स बनाया गया है जिसके अंतर्गत 28 प्रकार के पैरामीटर स्तापित किया गए है, जो कि जल प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि चेन्नई एवं बेंगलुरु जैसे शेरोन में एवं उनके आस पास के लगभग सभी जल स्त्रोत सूख चुके है। विश्व का 97.2 प्रतिशत जल समुद्री है एवं केवल 2.80 प्रतिशत शुद्ध जल उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में मेपकास्ट के क्रिएटिव लर्निंग सेंटर के समन्वयक पंकज गोथरा भी उपस्थित थे, उन्होंने जल आधारित तकनीकी एवं प्रदर्शों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की समन्वयक इको क्लब की प्रभारी डॉ. दीप्ति संकत थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित थी।

**भारत के पास विश्व जल स्त्रोत का 4 प्रतिशत:** भारत के पास विश्व जल स्त्रोत का 4 प्रतिशत है। भारत में जल 135 लीटर प्रति व्यक्ति है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है एवं वाटर हार्वेस्टिंग स्यस्तेम से जल का प्रबंधन बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा सकता है। इस प्रकार के प्रबंधन से धरातक पर जल का स्तर बढ़ने में बहुत सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक रूप से समाज द्वारा उपयोग किये गए 80 प्रतिशत जल को बिना उपचार के पर्यवरण में वापस छोड़ दिया जाता है जिससे कि न केवल पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है अपितु मानव स्वास्थ्य भी खराब होता है।

## विभागाध्यक्षों को बैठक में सीएस की दो टूक

# जनवरी से ई-ऑफिस पर करें काम, नहीं तो कार्रवाही के लिए रहे तैयार

## *यह भी कहा...* मैनुअली फाइलें बंद करें, यह प्रदेश के लिए ठीक नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ई-ऑफिस कल्चर को पूरी तरह नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है। यह भी कहा कि मेरे पास फाइलों का बस्ता आ रहा है, उनमें कई कागज गायब रहते है, कुछ कटे-फटे होते हैं। ऐनवक्त पर खोजना पड़ता है। साथ में एक अधिकारी और एक बाबू भी फाइल लेकर चलते हैं। यह सब समय की बर्बाद और मानव संसाधन का दुरुपयोग है। ऐसा नहीं चलेगा। पूरी तरह ई-ऑफिस कल्चर को अपनाना ही होगा। जनवरी 2025 से इसे सभी लागू कर लें। इस व्यवस्था के अनुरूप जो नहीं चलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाही होगी।



सीएस ने यह बात शुक्रवार को बुलाई विभागाध्यक्षों की बैठक में कही। यह भी कहा कि हम सरकार जब पहले ही ई-ऑफिस कल्चर को प्रभावी करने के संसाधन जुटा चुकी है तो फिर हम अनजान बनने की कोशिश क्यों कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मप्र में पहले से ई-ऑफिस को अपनाने के लिए प्रयास होते रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समय ही जोरशोर से ई-ऑफिस को अमल में लाने की कोशिशें हुई थी। तब से लेकर अब तक कई बार प्रयास हुए, उक्त सेटअप के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर संसाधन जुटाए गए। लेकिन अफसर ई-ऑफिस पर कामों को शिफ्ट नहीं कर सके।

### आम नागरिकों को नुकसान

– **फाइलें** महीनों पड़ी रहती है, अधिकारियों को पेंडेंसी समझ में नहीं आती। नीचे के अधिकारी भी इसलिए अफसरों को बोलने से बचते हैं कि कहीं डांट न पड़ जाए। इस तरह उक्त फाइल से जिन आम लोगों का हित जुड़ा होता है वे तब तक लाभ से वंचित रहते हैं।

–**जब** भी अधिकारी अपने से सीनियर अधिकारियों के पास जाते हैं तो फाइलों को साथ लेकर चलने के लिए दूसरे बाबू व भृत्य साथ में आते–जाते हैं। यह रोज का ढर्रा है, जिसमें मैनपावर अनावश्यक पिसता है। दूसरे काम प्रभावित होते हैं।

# एमसीयू के 13 विद्यार्थी यूजीसी नेट क्वालीफाई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है। देश भर में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा में पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में जनसंचार विभाग की छात्रा अलंकृता सिंह ने जे.आर.एफ क्वालीफाई किया है, जबकि श्रेया नकाडे, निलय पाराशर ने नेट क्वालीफाई किया है। इसी तरह से मीडिया प्रबंधन विभाग से मयूरी नंदा, शैलजा पुरोहित, शुभ्राजीत गोस्वामी ने भी नेट क्वालीफाई किया। संचार शोध विभाग से आलोक कुमार, अंशु सिन्हा, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग से प्रतीक्षा कुमारी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग से दीपेश कुमार सिंह, पत्रकारिता विभाग से उत्तम कुमार, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से प्रकाश कुमार, दीपांश नागराज ने एनटीए यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है।

# निवेश जुटाने को सरकार का अगला पड़ाव अब गुजरात में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में निवेश जुटाने के लिए सरकार अब गुजरात जाएगी। अहमदाबाद में 12 दिसंबर को इंवेस्ट एमपी रोड शो और उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन होगा। भारत का मेनचेस्टर कहे जाने वाला अहमदाबाद शहर कॉटन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए जाना जाता है। ऐसे में फोकस टेक्सटाइल और गारमेंट इंडस्ट्री पर रहेगा। रत्न और आर्टिफिशियल ज्वेलरी के साथ दुग्ध उद्योग में निवेश की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इसके पहले देश के चार बड़े शहरों में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन हो चुका है। इनमें अभी 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

**मेट्रो एंकर** | कार्यशाला में देशभर से 56 विषय विशेषज्ञ, 258 डेलीगेट्स शामिल

# विधि शिक्षा का कॅरिकुलम भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर होना चाहिए: जस्टिस पालो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बदलते सामाजिक बदलाव में विधि शिक्षा महत्वपूर्ण है। वैकल्पिक विवाद समाधान विषय को विधि के छात्रों को बहुत अच्छ से प?ाया जाना चाहिए। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि वे इस विषय के एक्सपर्ट बनकर अपने लोगों को त्वरित न्याय दे सकते हैं। इसके आमजन को लाभ होता है। आर्बीट्रेशन, लोक अदालत, कॉन्सिलिएशन, मीडिएशन से न्यायालयों पर पढ़ने वाला बोझ कम होगा। विधि शिक्षा का कॅरिकुलम भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर होना चाहिए। यह बात मप्र के उपलोकायुक्त जस्टिस एसके पालो ने कही। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 –विधिक पाठ्यक्रम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में 14 तकनीकी सत्र हुए। इसमें देशभर से 56 विषय विशेषज्ञ, 258 डेलीगेट्स और 70 संस्थान शामिल हुए। इसके समापन अवसर पर गुरुवार को मप्र के उपलोकायुक्त जस्टिस एसके पॉलो, सुप्रीम कोर्ट के एडमिशन एडवोकेट जनरल मप्र एडवोकेट जयदीप राय, कुलगुरु प्रो. एसके जैन, विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कार्यशाला के डॉ. शशिरंजन अकेला, विधि विभाग की एचओडी डॉ. मोना पुरोहित आदि मौजूद रहे। इस कार्यशाला के




प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। डॉ. शशिरंजन अकेला ने कहा कि हमें तकनीकी से दूर नहीं होना चाहते। हम युगानुकूल परिवर्तन की बात करते हैं। हम एआई, आईओटी जैसी टेक्नोलॉजी के साथ काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि तकनीकी व्यक्ति पर हावी नहीं हो। विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शशिरंजन अकेला ने कहा कि भारत में शिक्षा को लेकर कंपार्टमेंटलाइजेशन की बात नहीं थी। औपनिवेशिक काल में विषयों के आधार पर शिक्षा देने का भेद शुरू हुआ। इसे स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा में बांटा गया। जबकि भारत की ज्ञान परंपरा में हम 64 कलाओं और 14 विद्याओं की शिक्षा के माध्यम से समग्र व्यक्ति विकास और जीवन के मूल्यों की शिक्षा देते थे। एनईपी में जिन बातों पर फोकस किया जा रहा है वो भारत की शिक्षा का स्वाभाविक अंग थे।

### पहले अपने कल्याण के लिए पढ़ें

कुलगुरु प्रो. जैन ने कहा कि साथ ही प्रो. जैन ने विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अकेला के प्रस्ताव पर सहमति और कहा कि जल्द ही विवि और विधि विभाग की लाइब्रेरी सहित सभी संबद्ध कॉलेजों की लाइब्रेरी में जस्टिस रामा जोइस की किताब उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कानूनी शिक्षा के छात्र पहले अपने खुद कल्याण के लिए पढ़ें और उसे फिर सामाज और देश को सौंपे।




## संपादकीय

# धमकियों का फैलता आकाश

देश की एयरलाइन कंपनियों इस वक्त बड़ी उलझन में हैं और आर्थिक रूप से भी अनपेक्षित नुकसान उठा रही हैं। मामला है हवाईजहाजों में बम रखे होने की धमकियों का। इसके चलते हवा में उड़ती फ्लाइट्स वापस बुलाना पड़ रही हैं तो कहीं उड़ानों को रोकना पड रहा है। दरअसल कुछ समय से जिस तरह विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले सामने आ रहे हैं, वह अब तक भले ही फर्जी साबित होते रहे हों, मगर अब उससे बहुस्तरीय समस्याएं पैदा होने की आशंका खड़ी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि हाल के दिनों में बार-बार ऐसे मामले सामने आने और उससे हवाई सेवा पर असर पड़ने के बावजूद इन्हें रोकने को लेकर कोई कारगर व्यवस्था की पहल नहीं दिख रही। हर नई धमकी के बाद हवाईअड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है, सभी स्तरों पर जांच की जाती है, सावधानी बरती जाती है, ऐसा करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही जाती हैं, मगर उन्हें रोकने में कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाती। मसलन गुरुवार को फिर करीब अस्सी विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई और उसके बाद भारी तादाद में उड़ानों पर असर पड़ा। इसमें एअर इंडिया, इंडिगो, विस्तारा और अकासा के विमान शामिल हैं। कई विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। उसके बाद विमान की जांच और इस क्रम में उड़ान में देरी से लेकर यात्रियों को होने वाली अन्य परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि यह स्वाभाविक है कि इस तरह की धमकियों के बार-बार गलत साबित होने के बावजूद अगली धमकी के बाद फिर से समूचे तंत्र को सक्रिय होना पड़ता है और उसमें किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं बरती जा सकती क्योंकि यह जान माल के नुकसान का सवाल होता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि फर्जी धमकी देने वाले पिछले कई दिन से ऐसा करने में कैसे कामयाब हो रहे हैं। अव्वल तो डिजिटल दुनिया के इस दौर में जब पुलिस महकमा या जांच इकाइयां पता लगाना चाहें, तो किसी भी धमकी भेजने वाले के ई-मेल और उसके संचालन के बारे में सब कुछ पता लगाया जा सकता है। आज बहुत सारे आपराधिक मामलों में देखा जा सकता है कि आधुनिक तकनीकी और डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर जटिल से जटिल मामलों का पर्दाफाश किया जा रहा है और पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। मगर विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले पिछले कुछ समय से लगातार यात्रियों को डराने और विमानन कंपनियों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाने की अपनी मंशा में कामयाब हो रहे हैं। हालत यह है कि बीते कुछ दिनों के दौरान बार-बार धमकी से उपजी समस्या पर सरकार की ओर से प्रतिक्रिया यह आई कि इसके पीछे जो लोग हैं, उन्हें 'नो-फ्लाई सूची' में डाला जाएगा। जबकि अब तक तो यही पता नहीं लग पा रहा है कि वह लोग हैं कौन? सवाल है कि जिन धमकियों का इतना व्यापक असर होता है, उनके लिए क्या इतनी सजा काफी है? यह छिपा नहीं है कि किसी विमान को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी आती है, तो उसके बाद उड़ानों के बाधित होने से बड़ा आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस नुकसान का खमियाजा भी प्रकारांतर से आखिरकार यात्रियों को ही उठाना पड़ता है। चिंता की बात यह है कि धमकियों का सिलसिला बढता जा रहा है, हाल में तिरूपति की होटलों में बम की धमकी से हडकंप मचा रहा, होटलों की तलाशी ली जाती रही। जरूरत यही है कि तकनीकी की भरसक उपयोग करके ऐसे लोगों को दबोचा जाए।

प्यार के स्पर्श में हर कोई एक कवि बन जाता है।

– प्लेटो

## आज का इतिहास

- 1605- मुगल साम्राज्य के तीसरे शासक अकबर का फतेहपुर सीकरी में निधन हुआ था।
- 1676- पोलैंड और तुर्की ने वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- 1795- अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- 1806- फ्रांस की सेना ने बर्लिन में प्रवेश किया था।
- 1811- आधुनिक सिलाई मशीन के जनक आईजैक मेरिट सिंगर का जन्म हुआ था।
- 1833- समाज सुधारक राजा राममोहन राय का निधन हुआ था।
- 1920- भारत के राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म हुआ था।
- 1920- लीग ऑफ नेशन का मुख्यालय जिनेवा स्थानांतरित किया गया।
- 1947- राजा हरि सिंह ने जम्मू कश्मीर के भारत में विलय को स्वीकार किया।
- 1952- फिल्मों में भजनों से खास पहचान बनाने वाली गायिका अनुराधा पौडवाल का जन्म।
- 1958- पाकिस्तान के राष्ट्रपति स्केंदर मिर्जा को अपदस्थ कर जनरल अय्यूब खां ने देश की बागडोर अपने हाथों में ली।
- 1958- मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को तैरकर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
- 1982- चीन ने अपनी जनसंख्या एक अरब से अधिक होने की घोषणा की।
- 1987- मशहूर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी विजय मर्चेन्ट का निधन।
- 2001- हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का निधन हुआ था।
- 2008-हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध पार्श्वगायक महेन्द्र कपूर का निधन हुआ था।
- 2008- केन्द्र सरकार ने अखबार उद्योग के पत्रकारों और गैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।
- 2010- खगोलविदों ने सबसे बड़ा तारा न्यूट्रॉन की खोज की थी।
- 2017- कातालोन्या की संसद ने स्पेन से आजादी संबंधी प्रस्ताव को मंजूर किया और सरकार को बर्खास्त कर नये चुनाव कराने के फैसला लिया था।

## निशाना

### बन रही रणनीति !



- कृष्णेन्द्र राय

बागीयों को टिकट नहीं ।
हो ऐसा प्रयास ।।
है आया आदेश ।
समय चल रहा खास ।।
बन रही रणनीति ।
आ गई वो खेला ।।
अपने-अपने स्तर पर ।
कर रहे सब खेला ।।
बड़ी है लड़ाई ।
और प्रतिष्ठा प्रश्न ।।
सबकी अपनी कोशिश है ।
हो हमारा जश्न ।।
दो दो हाथ करने को ।
हैं सारे तैयार ।।
करनी जीत दर्ज़ ।
रह कर होशियार ।।

# चुनौतियों के बावजूद आरएसएस सौ वर्षों से प्रासंगिक, दुनिया इसकी विचारधारा अपना रही

■ मीनाक्षी लेखी

सभी समुदाय अपने स्वयंसेवी संगठनों का समर्थन करते हैं, जो गरीबों के उत्थान, उनकी फिलॉसफी और सामाजिक कार्य करने के लिए काम करते हैं. ईसाइयों के पास अपने मिशनरी हैं, वह अविकसित देशों में धर्मार्थ संस्थाएं चलाते हैं, ज़रूरतमंदों के लिए काम करते हैं और ईसाई तरीके से शिक्षा का प्रसार करते हैं. सिख सेवा करते हैं और गुरुद्वारों से चलने वाले लंगरों के ज़रिए भूखों को खाना खिलाते हैं. मुसलमान मदरसों के ज़रिए बच्चों को मुफ्त इस्लामी शिक्षा देते हैं. हिंदू धर्म, उपरोक्त सभी धर्मों और समाज की सेवा की गतिविधियों में लगे व्यक्तियों से पहले से ही मौजूद होने के बावजूद, इस तरह के सहयोग और समन्वय के लिए समान मंच नहीं था, जब तक कि 1925 में नागपुर में एक महाराष्ट्रीयन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शुरुआत नहीं की गई।स्वयंसेवक का मतलब निस्वार्थ कार्यकर्ता होता है और आरएसएस के पीछे का विचार हिंदू तरीके से समाज की निस्वार्थ सेवा करना था. संस्थापक ने ÷हिंदू समाज की नींव को मजबूत करने और इसे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, दार्शनिक और राजनीतिक स्तरों पर चुनौतियों के लिए तैयार करने की ज़रूरत का अनुमान लगाया÷. आरएसएस अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, तो आइए इस संगठन के पीछे छिपी फिलॉसफी को समझें. पक्षपाती व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण अभियानों से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इसने वर्षों से अपनी प्रासंगिकता कैसे बनाए रखी है।

आरएसएस की स्थापना राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी. हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं, जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थीं, उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज़ खो रही थीं. स्वतंत्रता-पूर्व भारत में मुसलमान, देश के बाकी हिस्सों के समान वंश और डीएनए और जातीयता होने के बावजूद, आश्वस्त थे कि खिलाफत आंदोलन नामक एक समर्थक-खिलाफत आंदोलन उनके हितों का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व करता है. यह ब्रिटिश साम्राज्यवादी दर्शन के विभाजन और शासन के अनुकूल था। आरएसएस ने एक राष्ट्रवादी आंदोलन के तत्वावधान में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के संपर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष में थे. अपनी समृद्ध विरासत से मुंह मोड़ते हुए उन्हें यकीन दिलाया गया कि भारतीय मूल्य आदिम और पिछड़े हैं और देश को केवल हिंदू जीवन शैली की निंदा करके ही बचाया जा सकता है. दरअसल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ढ्ढहृष्ट) के नेता इतने भयभीत थे कि उन्होंने अपने सदस्यों को ऋस्स् कैडर में शामिल होने से रोक दिया. अपनी राष्ट्रीय पहचान पर गर्व करना RSS की आधारशिला थी। हिंदू राष्ट्रीवादी विनायक दामोदर सावरकर ने तर्क दिया कि सांस्कृतिक रूप से, इस गौरवशाली प्राचीन धरती के सभी निवासी एक ही सांस्कृतिक पहचान और वंश के हैं. उन्होंने 'हिंदुत्व' की विचारधारा को बढ़ावा दिया, जिसका अर्थ है हिंद (सिंधु नदी के पार की ज़मीन) के लोग. इस विचारधारा का उद्देश्य जाति, पंथ, रंग या धर्म के आधार पर भेदभाव किए बिना, सांस्कृतिक रूप से जुड़े इन सभी लोगों को एकजुट करना था. हिंदुत्व में न केवल हिंदू धर्म के अनुयायी शामिल थे, बल्कि नास्तिक, जैन, बौद्ध, दलित, सिख, आदिवासी, प्रकृति पूजक और इस्लाम और ईसाई धर्म के अनुयायी भी शामिल थे।आरएसएस की नींव वैदिक परंपराओं से प्रेरित अनुशासन



और समर्पण में निहित है. 1925 में नागपुर में पहली शाखा स्थापित होने के बाद पूरे देश में शाखाएं बनाई गई. उन्होंने युवाओं को एक 'असेंबली' प्रकार की सभा में इकट्ठा करके अनुशासन को बढ़ावा दिया, जहां वह स्वदेशी खेलों में शामिल हुए, सूर्य नमस्कार के माध्यम से योग किया, प्रवचन (विद्वान लोगों द्वारा सकारात्मक प्रवचन) सुने और फिर राष्ट्गीत या स्वयंसेवक गान गाया, जो सभी स्कूलों या शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित 'सुबह की सभा' की प्रणाली के समान था।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी चर्चा होती थी, जिससे 'स्वयंसेवकों' को समसामयिक मामलों और राजनीति से परिचित होने का अवसर मिलता था. बैठकें भारत माता की जय या मातृभूमि की जय के एक गूंजते गैर-सांप्रदायिक नारे के साथ समाप्त होती थीं, जो धरती माता के साथ सदियों से चली आ रही पारंपरिक संगति की कहानी है. मेरे दादा एक प्रचारक थे – एक वरिष्ठ नेता जो शाखा लगाते थे. मैं उन्हें आरएसएस की पोशाक, खाकी शॉर्ट्स और सफेद बनियान पहनते और सुबह-सुबह शाखा में भाग लेने के लिए निकलते देखती थी, वे दिनभर की थकान से पहले ऊर्जावान और उत्साहित होकर लौटते थे।आरएसएस की स्थापना इस प्राचीन धरती के इतिहास और भौगोलिक सीमाओं के आधार पर एक सांस्कृतिक ध्वज के तहत राष्ट्र और भारत के लोगों को एकजुट करने के लिए की गई थी. इसका उद्देश्य देशभक्ति को बढ़ावा देना और अपनी परंपराओं में खुद को स्थापित करते हुए अपनी चिरकालिक मान्यताओं पर गर्व की गहरी भावना को बढ़ावा देना था. आरएसएस की स्थापना के सौ बरस बाद, हेडगेवार की बात सही साबित हुई है क्योंकि आज दुनिया हिंदू धर्म के सिद्धांतों को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में स्वीकार करती है और पश्चिम के लोग भारत के दर्शन को अपना रहे हैं.

योग हमारा सबसे बड़ा निर्यात है और लैटिन अमेरिका, कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के दूर-दराज के कोनों में योग दिवस मनाया जाना उत्साहजनक है. हिंदू दिव्य मंत्र 'ऊँ' का आदिम ध्वनि के रूप में उच्चारण दुनिया भर में गूंज रहा है. मेडिकल स्टडीज़ बताती हैं कि श्रव्य 'ऊँ' के जाप के दौरान कंपन की अनुभूति होती है. इसमें कर्ण शाखाओं के माध्यम से वेगस तंत्रिका उत्तेजना और उसके मस्तिष्क पर प्रभाव की क्षमता है. ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए शाकाहार एक लोकप्रिय विकल्प बनता जा रहा है और जलवायु परिवर्तन पर मीथेन के प्रभाव को कम किया जा रहा है।

2024 की विश्व वन्यजीव फंड रिपोर्ट में भारत के खाद्य उपभोग पैटर्न को सबसे अधिक टिकाऊ घोषित किया गया है और यह सुझाव दिया गया है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दुनिया को भारत की खान-पान की आदतों को अपनाना चाहिए. आज, जब दुनिया भारतीय जीवन शैली को अपना रही है, तो हम आरएसएस के आभारी हैं कि उसने विश्व मंच पर हमारी पीढ़ियों को जोड़ने वाली परंपराओं को उजागर किया है। जैसा कि हम देखते हैं कि आधुनिक समय के मूल्य हमारे समाज को किस तरह से प्रभावित कर रहे हैं, आरएसएस की विचारधाराएं और भी अधिक मूल्यवान हैं. हमारे समाज का ताना-बाना नशीली दवाओं, प्रदर्शनवाद, ताक-झांक, पोर्न – सभी सामाजिक बीमारियों से छिन्न-भिन्न हो रहा है, जो पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही हैं. आरएसएस के अनुशासन को अपनाना और भी ज़रूरी हो गया है. शाखाओं में भारतीय मूल्यों को शामिल किया जाता है और युवाओं को भारतीय संस्कृति से परिचित कराया जाता है।

संघ कई अलग-अलग सामाजिक गतिविधियों में लगा हुआ है और इसके लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द प्रकल्प है. आरएसएस आज एक लाख से ज़्यादा प्रकल्प चलाता है. इन प्रकल्पों के तहत स्वच्छता से लेकर जलवायु परिवर्तन, शिक्षा से लेकर सशक्तिकरण और स्वास्थ्य से लेकर पानी तक के काम किए जा सकते हैं. ये सभी प्रकल्प स्वैच्छिक सेवाएं हैं और ऐसी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए समुदाय की मज़बूत स्वयंसेवी भावना है।इन सभी प्रकल्पों या सेवा गतिविधियों में महिलाओं की मौजूदगी के अलावा आरएसएस की एक बहुत मज़बूत महिला शाखा भी है. राष्ट्र सेविका समिति के अंतर्गत महिलाओं को अलग से संगठित किया गया है, जिसका अपना कार्य क्षेत्र है, परिवार प्रबोधन से लेकर मेधावी सिंधु सृजन तक. जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां स्वयंसेवक या सेविकाएं मौजूद न हों और इसलिए यह कहना उचित ही है कि वह जीवन के सभी क्षेत्रों में सेवा और कार्य करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं।

मैं संघ की प्रार्थना का उल्लेख करके अपनी बात समाप्त करना चाहूंगी, जो सभी स्वयंसेवकों की जन्मजात क्षमता और इच्छा का वर्णन करती है- नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमेत्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितो हम महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते ।।1।।

(साभार-लेखक भाजपा नेता व वकील हैं। यह उनके विचार हैं)

# केवल दोषारोपण नहीं, ठोस उपाय भी ढूंढने होंगे

■ विनोद पाठक

**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बढ़ चुका है और यह पहली बार नहीं हो रहा है। हर साल की यही कहानी है। विडंबना है कि न तो सरकारी स्तर पर इसे कंट्रोल करने के कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और न ही हरियाणा, पंजाब जैसे राज्यों में पराली का कोई विकल्प खोजा जा रहा है।**



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अब दिल्ली में सुबह की सैर छोड़ दी है, क्योंकि उनके डॉक्टर ने उन्हें ऐसा करने से मना किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बढ़ चुका है और यह पहली बार नहीं हो रहा है। हर साल की यही कहानी है। विडंबना है कि न तो सरकारी स्तर पर इसे कंट्रोल करने के कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और न ही हरियाणा, पंजाब जैसे राज्यों में पराली का कोई विकल्प खोजा जा रहा है, जिसके जलने को दिल्ली में प्रदूषण का प्रमुख कारण माना जाता है। विशेषकर अक्तूबर में जैसे ही सर्दी की शुरुआत होती है, दिल्ली में धुएं और ठंड का एक ऐसा कॉकटेल बनता है, जो हवा को जहरीला बनाता चला जाता है। एक्यूआई जो 50 अंक होना चाहिए, वो दिल्ली में 300 से ऊपर निकल गया है, यानी दिल्ली की हवा सांस लेने लायक नहीं है। यह जानलेवा होती जा रही है।केवल दिल्ली नहीं, आसपास के उप नगरीय क्षेत्र जैसे उत्तर प्रदेश का गाजियाबाद, हरियाणा का फरीदाबाद व गुड़गांव और राजस्थान के भिवाड़ी में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यदि पिछले कुछ सालों में सरकारी प्रयासों को देखा जाए तो केवल कागजों पर प्रदूषण नियंत्रण की योजना बनाने और नेताओं की बयानबाजी से आगे कुछ नहीं हुआ है। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हैं। एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते हैं। कुछ महीने यूं ही निकल जाते हैं और फिर सर्दी खत्म होते सब भूल जाते हैं कि दिल्ली में प्रदूषण हुआ भी था या नहीं।

शायद यही कारण है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने पिछले दिनों हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने को लेकर बनाए कानून को न केवल नाकाफी बताया, बल्कि नाराजगी भी जताई। केवल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली नहीं, यदि पूरे देश में प्रदूषण के प्रभाव को देखा जाए तो 20 लाख मौतें हर वर्ष देश में होती हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 30 सबसे अधिक प्रदूषित शहर भारत में हैं, जहां पीएम 2.5 की सालाना सघनता सबसे अधिक है।

प्रदूषण के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 36 प्रतिशत परिवारों के एक या अधिक सदस्य गले की खराश, खांसी और सांस लेने की कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। 27 प्रतिशत लोगों को नाक बहाने या बंद होने की समस्या है। यह सूरत-ए-हाल केवल नई दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में है।

पिछले कुछ वर्षों में बढ़ते प्रदूषण के कारण एयर प्यूरीफायर जैसे उपकरणों की बिक्री भी बेइंतहां बढ़ी है। एयर प्यूरीफायर को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन आज भी यह उपकरण लेना एक मध्यम वर्गीय परिवार के लिए लेना कठिन है। प्रदूषण न केवल हमारी जिंदगियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से भी गहरी चोट पहुंचा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तो डॉक्टर की सलाह पर सुबह की सैर पर नहीं जाएंगे, लेकिन आम आदमी जिसे रोज सुबह काम पर निकलना होता है, बच्चों को स्कूल जाना होता है, उसके आगे क्या उपाय हैं? उसे केवल हताशा और निराशा में रहना है। आम आदमी का बस यही सवाल होता है कि क्या पराली का जलना बंद होगा? क्या सरकार बयानबाजी से आगे निकलेगी? क्या नेता एक-दूसरे को कोसना बंद करेंगे? प्रदूषण से छुटकारा कब मिलेगा? अक्तूबर से मार्च के महीने कैसे बीतेंगे? अब तो समय आ गया है कि केवल दोषारोपण न हो, कोर्ट नाराजगी न जताए। दिल्ली की हवा को साफ करने पर युद्धस्तर पर काम हो। पक्ष-विपक्ष एक टेबल पर बैठे हैं, ताकि आम आदमी घर से निकले तो साफ हवा ले सके।

-साभार

### हस्तकला उत्पादन का निर्माण एवं लक्ष्मी प्रतिमा बनाए गए

# अपने बीच कलेक्टर को पाकर खुशी से झूम उठे दिव्यांग बच्चे




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** दिव्यांग संस्था में दिव्यांग बच्चों द्वारा दिवाली के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार हस्तकला उत्पादन का निर्माण एवं लक्ष्मी प्रतिमा बनाए गए हैं जिसे देखने कलेक्टर सोनिया मीना एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर ने संस्था में बच्चों के द्वारा बनाए गए उत्पादकों को देखा और दिव्यांग जनों की बनाई सामग्री खरीद कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया एवं उनके शिक्षण प्रशिक्षण कौशल विकास की जानकारी सुश्री अफरोज खान से ली। कलेक्टर को अपने बीच पाकर दिव्यांग बच्चे खुशी से झूम उठे।

कलेक्टर ने कहा कि मुझे इन बच्चों के बीच आकर, उनसे बात करके बहुत ही अच्छा लगा एवं उन्होने बच्चों के व्यावहारिक कौशल की सराहना की। संस्था द्वारा बच्चों को दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं रचनात्मक कार्य की प्रशंसा भी की।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष योगेश शर्मा द्वारा बताया गया कि संस्था बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पादों का स्टाल विवेकानंद घाट पर 29 एवं 30 अक्टूबर को प्रदर्शन हेतु लगाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था में सभी सहयोगी सदस्य उपस्थित थे।

## बाल और किशोर श्रम उन्मूलन अभियान 21 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक चलेगा

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा बाल ओर किशोर श्रम के उन्मूलन के लक्ष्य तक पहुंचने हेतु 21 अक्टूबर से 20 नवम्बर 2024 तक एक माह का बचाव अभियान का आयोजन किया जाना है।

तत्संबंध में एक माह के बचाव अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## जिला आयुष अधिकारी ने किया शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** गत दिवस जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम डॉ विमला गढ़वाल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कमिश्नर कॉलोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई। निरीक्षण के दौरान शाला एवं शौचालय में साफ सफाई ठीक पाई गई।निरीक्षण के दौरान शिक्षको द्वारा जिला आयुष अधिकारी को अवगत कराया गया कि द्धस्र प्रथम मॉड्यूल मॉक टेस्ट का शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन करने पर गणित विषय में छात्रों के सवाल सही नहीं पाए गए। तत्संबंध में NAS द्वितीय मॉड्यूल मॉक टेस्ट 24 अक?टूबर को कराया गया है। एवं शाला परिसर के चारों ओर बाउंड्री वॉल की सख्त जरूरत है, छात्र-छात्राओं को भोजन मेनु अनुसार दिया जा रहा है एवं पेय जल की स्थाई व्यवस्था नहीं है, हैंड पंप लगा है पर उसकी सफाई नहीं हुई है।

## बाल श्रमिक कार्य करते पाये जाने पर सानू आटो गैरिज पर की गई कार्यवाही

**नर्मदापुरम।** सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम ने बताया कि जिला टास्क फोर्स द्वारा नर्मदापुरम गैरिज लाईन में भ्रमण किया गया। भम्रण के दौरान गैरिज लाईन नर्मदापुरम में सानू आटो गैरिज नियोजक अख्तर शाह की दुकान में 01 बाल श्रमिक कार्य करते पाया गया। तत्संबंध में श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा कार्यवाही करते हुए बाल एवं किशोर श्रम (प्र. एवं वि.) अधिनियम 1986 के अंतर्गत निरीक्षण संपादित कर, बाल श्रमिक को सी.डब्लू.सी. के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि पूर्व में भी इस संस्थान में बाल श्रमिक कार्यरत पाये जाने पर प्रकरण मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नर्मदापुरम के समक्ष विचाराधीन है, फिर भी संस्थान के नियोजक द्वारा पुनः बाल श्रमिक को नियोजित कर बाल श्रम कराया जा रहा था। उक्त प्रकरण में नियोजक के विरूद्ध अधिनियम अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जा रही है।

बताया गया कि किसी भी संस्थान में बाल श्रमिक कार्यरत पाये जाने पर रूपये 20 हजार से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना या 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनो से दंण्डित होने का प्रावधान है। उक्त कार्यवाही में विपिन कुमार तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता, संतोष कुमार तनेजा, जनशिक्षक, सचीन्द्र चौरे, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रम विभाग से श्रीमती दीप्ती दुबे एवं अंकित सिंह भी सम्मिलित रहे।

## जिला आयुष अधिकारी ने किया शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** गत दिवस जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम डॉ विमला गढ़वाल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कमिश्नर कॉलोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई। निरीक्षण के दौरान शाला एवं शौचालय में साफ सफाई ठीक पाई गई। निरीक्षण के दौरान शिक्षको द्वारा जिला आयुष अधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रथम मॉड्यूल मॉक टेस्ट का शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन करने पर गणित विषय में छात्रों के सवाल सही नहीं पाए गए। तत्संबंध में द्वितीय मॉड्यूल मॉक टेस्ट 24 अक्टूबर को कराया गया है। एवं शाला परिसर के चारों ओर बाउंड्री वॉल की सख्त जरूरत है, छात्र-छात्राओं को भोजन मेनु अनुसार दिया जा रहा है एवं पेय जल की स्थाई व्यवस्था नहीं है, हैंड पंप लगा है पर उसकी सफाई नहीं हुई है।

## संभागायुक्त ने ली संभागीय सोयाबीन उपार्जन समिति की बैठक



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** संभागीय सोयाबीन उपार्जन समिति की बैठक संभागायुक्त के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त उपायुक्त विकास जी.सी. दोहर, उप संचालक कृषि जे.आर. हेडाऊ, सहायक संचालक कृषि एस.एल इवने, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन सिंघई, संयुक्त आयुक्त सहकारिता राकेश पाण्डे, जिला विपणन अधिकारी देवेन्द्र यादव, एसएलआर देवशंकर ध्रुवे एवं समिति से संबंधित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सोयाबीन उपार्जन एवं शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता एवं नीति युक्त जो प्रावधान किए गए है उसका कडाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में सभी मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। बताया गया कि नर्मदापुरम संभाग के बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में सर्वेयर का प्रशिक्षण कर उनकी नियुक्ति कर दी गई है।

उप संचालक कृषि जे.आर. हेडाऊ ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में 8 हजार 964 किसानों का पंजीयन हुआ है, वहीं हरदा जिले में 21 हजार 186 एवं बैतूल जिले में 3 हजार 184 कृषकों ने अपना पंजीयन कराया है। नर्मदापुरम जिले में सोयाबीन उपार्जन के लिए 14 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए है, हरदा में 25 एवं बैतूल जिले में 15 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए है। बताया गया कि हरदा में अतिरिक्त रूप से 8 उपार्जन केन्द्र, नर्मदापुरम में 01 उपार्जन केन्द्र बनाया जाना है। बताया गया कि नर्मदापुरम जिले में सोयाबीन का रकबा 44 हजार 587 हैक्टेयर, जिला हरदा 1 लाख 71 हजार 671 हैक्टेयर एवं बैतूल में 2 लाख 48 हैक्टेयर है। बताया गया कि सोयाबीन उपार्जन का कार्य 25 अक्टूबर से प्रारंभ होगा जो 31 दिसम्बर तक चलेगा।

## हर घर दिवाली अभियान के फोटो साझा करें उत्कृष्ट तस्वीरों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा

**रायसेन ।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हर घर दिवाली अभियान की फोटो साझा करने की अपील की गई है। राज्य आनंद संस्थान द्वारा चलाए जा रहे हर घर दिवाली अभियान के दौरान लोगों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आसपास के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अच्छे से दीपावली पर्व मनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि उनके जीवन में भी खुशहाली लाई जा सके। हमारे घर में ऐसी अनेक वस्तुएं होती हैं जो हमारे उपयोग में नहीं आ रही है, किंतु अन्य लोगों के लिए वह बहुत उपयोगी हो सकती हैं। ऐसी वस्तुओं को अपने निकट के आनंदम केन्द्र (नेकी की दीवार) में छोड़कर भी आप इस अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं।दीपावली पर्व के दिन जरुरतमंद लोगों के साथ उनके घरों में जाकर त्यौहार से जुड़ी आवश्यक सामग्री वितरित कर उनके आनंद में सहभागी बनें। हर घर दिवाली अभियान के अंतर्गत अपने द्वारा की जाने वाली गतिविधि की फोटो द्बश्च.द्ब4द्दश्1.द्बठ्ठ के साथ साझा कर अन्य लोगों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। फोटो के साथ अपनी प्रेरणास्पद गतिविधि के बारे में बताएं, जिससे कि अन्य नागरिक भी प्रेरित हो सकें। चयनित उत्कृष्ट तस्वीरों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। आपके द्वारा साझा की गयी गतिविधि एवं फोटो के साथ अपना नाम, पूरा पता, जिला एवं सम्पर्क भी साझा करें।

## लेबर, ओटी रूम का लक्ष्य टीम ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को जिला अस्पताल नर्मदापुरम के लेबर रूम तथा ऑपरेशन थियेटर का कविता सिंह, लक्ष्य असेसर राज्य टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में लक्ष्य टीम ने प्रसूताओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर खुशी व्यक्त की है एवं भर्ती महिलाओं से चर्चा की, परिसर में बनाए गए बर्थ वेटिंग रूम में एएनसी को दी जा रही स्वास्थ्य सेवा की तारीफ टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले, डॉ मिलन सोनी, किरण मेट्रन, पम्?मी राव मेट्रन, निधि रामकुचे नर्सिंग ऑफिसर, आलिया खान, रोशनी प्रजापति सहित मेटरनिटी विंग का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## पुलिस, राजस्व तथा वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ की गई कार्यवाही



**नर्मदापुरम।** अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव द्वारा संयुक्त टीम गठित कर देर रात अनुभाग स्थित ढाबो में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्यवाही की गई। कार्यवाही पुलिस ,राजस्व तथा वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। 3 विभिन्न दलों के द्वारा अनुभाग के अलग अलग क्षेत्र में संचालित ढाबो पर कारवाही की गई। कार्यवाही में 6 अलग अलग ढाबो से 235 देशी विदेशी शराब की बोतलें जप्त की गई, जिस पर पुलिस विभाग के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में डोलरिया रोड पर एक संचालित ढाबे से वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची 2 के अंतर्गत 6 संरक्षित वन्य जीव पाए गए, जिन्हें वन विभाग को सौंपा गया और वन विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अतिरिक्त तहसीलदार केसला शंकर सिंह रघुवंशी, नायब तहसीलदार हीरू कुमरे, महेंद्र गौर वन परिक्षेत्र अधिकारी इटारसी, 3 राजस्व निरीक्षक इटारसी, 15 पटवारी, वन विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से की आयुष्मान भारत तथा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा



**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निकायवार और जनपदवार आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना अभियान के तहत जिले में चिन्हांकित 91 ग्रामों में किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी लेते हुए गंभीरता से सर्वे कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी सीएमओ को अपने निकाय क्षेत्रों में स्वच्छता हेतु अभियान चलाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन हेतु पंजीयन तथा सत्यापन की जानकारी ली। दीपावली पर्व के दृष्टिगत अस्थायी आतिशबाजी विक्रय दुकानों के लिए सुरक्षा के सभी इंतजाम हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आतिशबाजी विक्रय की दुकानें रिहायसी क्षेत्र में ना हों तथा व्यापारी घर के अंदर आतिशबाजी का स्टॉक ना करें, यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित स्वास्थ्य, महिला बाल विकास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## दिव्यांगजन के लिए मुख्यमंत्री निशक्तजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना को किया गया ऑनलाइन

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।** राज्य सरकार दिव्यांगजन की शिक्षा में बाधाओं को कम करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा ष्मुख्यमंत्री निरूशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनाष् का संचालन किया जा रहा है। सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि विभाग द्वारा दिव्यांगजन को सुविधा की दृष्टि आवेदन प्रक्रिया को ष्स्पर्श पोर्टलष् के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया है। दिव्यांगजन 31 अक्टूबर 2024 तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

आयुक्त सामाजिक न्याय डॉ. आर.आर. भौसले ने बताया कि दिव्यांगजन को शिक्षा और तकनीकी की सहायता से सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री निरूशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना की क्रियान्वयन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। इसके तहत एनआईसी म.प्र. के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर नई प्रणाली विकसित की गई है। छात्र 31 अक्टूबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं और 15 नवंबर तक इन आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### गन्ना व्यापारियों से निर्धारित शुल्क की ही वसूली की जावेगी

# दीपावली के बाजार में मिट्टी के दिए और मूर्ति के व्यापारियों निशुल्क बाजार लगाने की अनुमति



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** आगामी दिवावली त्यौहार की तैयारी को लेकर नगर पालिका सभाकक्ष में राजस्व एवं बाजार समिति की बैठक नपा अध्यक्ष रितेश जैन के मार्गदर्शन एवं राजस्व समिति के सभापति ईश्वरदास जमीदार की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसमें दिपावली त्यौहार के सम्बंध में फटाखा बाजार पूर्व निर्धारित स्थान पर दुकानदारों की उपस्थिति में निर्धारित व्यवस्था एवं शुल्क अनुसार दुकान लगाये जाने पर सहमति बनी जिसमें निकाय के द्वारा सफाई कार्य, अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिग्रेड), पीने हेतु पानी टेंकर आदि अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी। साथ ही दीपावली पर्व पर लगने वाले बाजार पर राजस्व समिति सभापति ईश्वरदास जमीदार द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं समिति के निर्णय अनुसार सिवनी मालवा बानापुरा में दीपावली के बाजार नगरपालिका द्वारा निर्धारित चयनित स्थान पर लगाने पर फूटकर एवं रेहड़ी छोटे व्यापारी जैसे कि मिट्टी के दिये वाती, धानी प्रसाद, मिट्टी की मूर्ति, फूल माला, झाड़ू एवं पूजन सामग्री, फोटो कलेण्डर सहित अन्य छोटे व्यवसायी जो फट्टा लगाकर दुकान लगाते है ऐसे छोटे व्यवसासियों को छूट देते हुए नि:शुल्क दुकान लगाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार गन्ने की दुकान शहर के पांच चयनित स्थलों पर लगाई जावेगी जैसे नर्मदा मंदिर के पीछे पार्किंग स्थल, बानापुरा खेड़ापति मंदिर, बस स्टेण्ड सि.मा., नगर पालिका के पीछे पार्किंग स्थल, शासकीय अस्पताल के सामने रेंज आफिस चौक के पास तथा प्रत्येक गन्ना व्यापारी से निर्धारित शुल्क की ही वसूली की जावेगी एवं उक्त सभी व्यवस्था बनाने के लिये नगरपालिका कर्मचारियों का दल बनाया जावेगा। साथ ही फटाखा व्यापारियों को सुरक्षा की दृष्टि से शासन निर्देशों के परिपालन में अपनी दुकानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश भी दिये गये।इस दौरान रितेश जैन न.पा. अध्यक्ष, एवं सभापति ईश्वरदास जमीदार,नपा उपाध्यक्ष सदस्य स्वाति शैलेन्द्र गौर, पार्षद प्रशांत यादव, गीता बाई तुलसीराम कुशवाहा, रचना अय्यूब लहरी, सहित नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजस्व और नपा की संयुक्त टीम का एक्शन

# शहर की खाद्य दुकानों का किया औचक निरीक्षण, दुकानदारों में मचा हड़कंप

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन के अधिकारी मिलावट खोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए खाद्य की दुकानों की जांच करने के लिए कांग्रेस के चलते विक्रेताओं में हड़कंप मच गए कई दुकानों के ताले भी लग गए थे।**

वहीं शुक्रवार को स्वास्थ्य, राजस्व एवं नगर पालिका के अफसरों के संयुक्त दल ने कई दुकानों का निरीक्षण किया और अमानक खाद्य सामग्री जब्त की। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस का भी परीक्षण किया गया। नगर में खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस टीम में तहसीलदार संजय चौरसिया, सीएमओ रामप्रकाश साहू, हेल्थ स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, संजीव यादव सहित पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। इस दौरान अफसरों ने खाते की दुकानों पर बनाई जा रही सामग्री में गुणवत्ता की जानकारी ली। जिसमें शारिक अहमद खलील रेस्टोरेंट पर साफ सफाई की कमी देख अधिकारी भड़क गए और उनकी तेल एवं कढ़ाई जप्त कर लाइसेंस की जांच पड़ताल की इस दौरान चालानी कार्रवाई भी की गई। वही इस दौरान छोटा बाजार में किशमिश स्वीट्स की दुकान पर साफ सफाई नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा चौरसिया स्वीट एस नेम चाट भंडार सहित दो दर्जन दुकानों पर छापामार एवं चालानी कार्रवाई की गई। कई दुकानों के घरेलू गैस सिलेंडर भी जप्त किए गए तो वहीं एक दुकान से दर्जनों एक्सपायर डेट कोल्डड्रिंक भी जप्त की। वही इस दौरान कुछ दुकानों में अमानक स्तर के सामान पाए गए। टीम के साथ 12 दुकानों पर गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई 5700 रुपए की वसूली की गई। एवं दूषित खाद्य सामग्री जिसमें कोल्ड ड्रिंक मिठाइयां एवं दूषित खाद्य तेल को जप्त कराकर नष्ट करने की कार्यवाही की गई एवं अमानक स्टार की पॉलिथीन की जप्ती की कार्रवाई भी की गई। सभी खाद्य दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे खाद्य वस्तुओं को ढक कर विक्रय करें एवं मानक स्तर की खाद्य वस्तुओं का ही विक्रय करें। मिलावटी दूध एवं मिलावटी मावे का विक्रय ना करें यदि किसी भी प्रकार की मिलावटी खाद्य सामग्री विक्रय करते हुए कोई दुकानदार पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की जावेगी।इन्हें जब्त किया गया और नष्ट करने की कार्रवाई की गई। इस छापे से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। जप्त सामानों को नगरपालिका के सुपुर्द किया गया है। बताया गया है कि जप्त सामानों को दो-तीन दिन बाद नष्ट कर दिया जाएगा।



विदिशा पूर्व में खाद्य प्रतिष्ठान रिलायंस स्मार्ट बाजार गंजबासौदा जिला विदिशा से खाद्य पदार्थ चना दाल जांच हेतु एकत्रित किया गया था। जिसे जांच परीक्षण उपरांत खाद्य प्रयोगशाला द्वारा अवमानक घोषित किया गया था। सम्बन्धित खाद्य कारोबार कर्ता का प्रकरण न्याय निर्णायक अधिकारी जिला विदिशा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। रिलायंस मार्ट पर 60 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड की राशि जमा करने तक संबंधित फार्म की अनुज्ञप्ति निलंबित रहेगी।

#### सैंपल लेने की कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला विदिशा द्वारा लगातार जिले में नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। आज को नया गोला तहसील नटेरन की हाट बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पंजीयन कराने के सख्त निर्देश दिए है। नया गोला स्थित अनिल किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ मावा का नमूना एकत्रित किया गया एवं मयूर ढाबा नया गोला नटेरन से दही, दूध, खीर, गुलाबजामुन का नमूना एकत्रित किया गया है। उक्त एकत्रित किए गए खाद्य नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। तदोपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल क्रय हेतु पचास उपार्जन केन्द्र स्थापित

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन उपार्जन कार्य आज शुक्रवार 25 अक्टूबर से एक साथ पचास केन्द्रो पर शुरू हुआ है जो 31 दिसम्बर तक जारी रहेगा। जिले में 30024 किसानो के द्वारा समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने उपार्जन कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले विभागो के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए है कि उपार्जन केन्द्रो पर किसानो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्लॉट बुकिंग तिथि को ही संबंधित कृषक की सोयाबीन उपज की तुलाई कार्य पूर्ण हो जाए। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर जारी गाइड लाइन का अनुपालन किया जाए। विदिशा जिले में कुल पचास केन्द्रो पर सोयाबीन फसल का उपार्जन किया जाएगा।



जिसमें विदिशा तहसील में पांच, बासौदा में सात, ग्यारसपुर, त्योंदा, गुलाबगंज, पठारी सहित प्रत्येक में क्रमशः दो-दो, कुरवाई, शमशाबाद एवं लटेरी में क्रमशः पांच-पांच, नटेरन में छह तथा सिरोंज तहसील में नौ उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। उपार्जन हेतु निर्धारित किये गये केन्द्रों के समस्त समिति प्रबंधक , कम्प्यूटर ऑपरेटर , कृषि विस्तार अधिकारी , सहकारिता अधिकारी एवं विपणन अधिकारियों को एफएक्यू संबंधी एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में नाफेड के अधिकारी एवं जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा प्रशिक्षण किया गया है। हरेक उपार्जन केन्द्र पर शासन द्वारा सोयाबीन फसल के एफएक्यू के तहत, विजातीय पदार्थ एवं असुधियाँ - 2 प्रतिशत, सिकुड़ी हुई , अपरिपक्व फलियाँ और फीका पडा हुआ 5 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त एवं घुनयुक्त फलियाँ - 3 प्रतिशत, हार्वेस्टर मशीन से क्षतिग्रस्त फलियाँ (विजाजित, टूटी और फटी हुई) - 15 प्रतिशत तथा नमी की मात्रा - 12 प्रतिशत स्वीकार होंगी। अतः कृषक भाईयों से अपील की जाती है कि शासन द्वारा निर्धारित एफ.ए.क्यू. मानक अनुसार ही उपज की तौल कराने हेतु स्लॉट बुक करावें। सोयाबीन फसल उपार्जन हेतु नियुक्त नोडल विभाग कृषि के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार समर्थन मूल्य पर विक्रय के पहले दिन अर्थात शुक्रवार 25 अक्टूबर को एक भी केन्द्र पर किसानो के द्वारा विक्रय हेतु सोयाबीन फसल लाई नहीं गई है।

## फॉगिग मशीन से छिड़काव जारी, अब तक 20430 घरो में लार्वा सर्वे

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में डेंगू और मलेरिया के नियंत्रण हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश विभिन्न विभागो के अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देशो के अनुपालन में मलेरिया विभाग व निकायो के अधिकारियो, कर्मचारियों द्वारा संयुक्त पहल कर जनजागरूकता के कार्यों के साथ-साथ घरो में सेम्पल लेने का कार्य किया जा रहा है।



कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशो के अनुपालन में मलेरिया विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी है। पृथक से पांच कम्बोड टीमे गठित की गई है जिसमें शहरी आशा, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाईजर एवं नगरपालिका के कर्मचारियों को शामिल किया गया है इनके द्वारा डेंगू की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत विदिशा शहर के उदयनगर कालोनी बंटीनगर, शास्त्री नगर, पीपलखेडा, खामखेडा एवं ग्यारसपुर के मूंगवारा में 302 घरो में लार्वा सर्वे किया गया है जिसमें से दो घरो में डेंगू लार्वा पाया गया है टीम के द्वारा लार्वा विनिष्टिकरण की कार्यवाही की गई है। घरो की जानकारियां संबंधित नगरपालिका के कर्मचारियों को दी गई है ताकि जुर्माने की कार्यवाही पूर्ण हो सकें।

डेंगू प्रतिबंधात्मक गतिविधियों के तहत मलेरिया विभाग के अमले द्वारा कीटनाश्यक दवा का छिड़काव फागिंग मशीन के माध्यम से किया गया है साथ ही डेंगू से बचाव संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारियां जन समुदाय को दी गई है वहीं अपने घरो में पास-पास पानी एकत्रित ना होने देने, टायर, गमले कूलर, पानी टंकी की नित सफाई करें। मच्छरदानी का उपयोग करें मच्छर पनपने ना दें। स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से स्कूल महाविद्यालयों में डेंगू से बचाव पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया है साथ ही डेंगू प्रचार वाहन के द्वारा जनजागरूकता के संदेश सम्प्रेषित किए जा रहे है विदिशा जिले में शुक्रवार 25 अक्टूबर को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार डेंगू के 64 सेम्पल लिए गए थे जिसमें से नौ मरीज डेंगू पाजिटिव पाए गए है। जिनका जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर इलाज करा जा रहा है।

## नपा में कुत्तों की नसबंदी एवं वैक्सीनेशन को लेकर बैठक

**सिरोंज ।** नगर पालिका परिषद सिरोंज में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ विकास सिंह बघेल पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर श्री महेश्वरी नपा के उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ सीएमओ राम प्रकाश साहू स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैंना पार्षद बलजीत यादव पार्षद अजमल शेर खान पार्षद गुड्डू यादव बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में बताया गया कि नगर के मुख्य मार्गो पर घूमने वाले आवारा कुत्तों पर कार्यवाही की जाए। नगर पालिका अधिकारी द्वारा भारत का राजपत्र में आवारा कुत्तों पर शान द्वारा वर्णित नियम अनुसार नगर से आवारा कुत्तों के निराकरण हेतु समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा गजट नोटिफिकेशन के अनुसार शेर से आवारा कुत्तों को पकड़ कर वैक्सीनेशन एवं नसबंदी कराए जाने एवं उन पर सतत निगरानी किए जाने हेतु पशु कल्याण बोर्ड से नियम अनुसार कार्यवाही की जान पत्र तैयार कर अनुमति लिए जाने हेतु अनुशंसा की गई है। नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सिरोंज के सहयोग से नगर के आवारा कुत्तों के नियंत्रण हेतु अभियान चलाया जावेगा जिसमें नगर के लोगों को आवारा कुत्तों के काटने से राहत दिलाई जा सके। ओके संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यवाही में सामाजिक संस्था का सहयोग लेकर उक्त समस्या का संपूर्ण रूप से उन्मूलन कियाजावेगा।



## पाटन के पास सड़क हादसा एक की मौत, 6 घायल

**सिरोंज।** गुरुवार रात्रि में सिरोंज - लटेरी नेशनल हाइवे पर ग्राम पाटन के पास भीषण सड़क हादसे में एक की मौत सहित 6 गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार इन्दौर पासिंग ट्रक लटेरी से सिरोंज की ओर आ रहा था। इसी दौरान पाटन पास आमने-सामने से दो बाइक टकरा गई। इसी दौरान ऐंचदा निवासी बाइक सवार 22 वर्षीय अर्जुनसिंह अहिरवार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी और एक छोटी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक बाइक सिरोंज से लटेरी की तरफ जा रही थी और दूसरी लटेरी से सिरोंज की ओर दोनों आपस में टकरा गई। इनके टकराने के साथ ही पास से निकल रहे ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत हो गई बाकी 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही ट्रक ड्राइवर का कहना है कि यह लोग पीछे से ट्रक में टकराए हैं। वही इस दौरान मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सिरोंज अस्पताल लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को गंभीर अवस्था में विदिशा रेफर किया गया। जबकि दो का अस्पताल में ही इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी संदीप कुमार पंवार ने बताया कि मौके से ट्रक और दुर्घटनाग्रस्त हुई दो बाइकों को जब्त कर लिया है, मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## 'धोखाधड़ी से सावधान रहें' मोबाइल बैंकिंग एवं यूपीआई से संबंधित ओटीपी पासवर्ड किसी से शेयर न करें'

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।




विदिशा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय विदिशा में आज भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक की 10वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन कटारिया द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से धीरेंद्र गुप्ता एवं लीड बैंक ऑफिसर भगवान सिंह बघेल उपस्थित रहे।

धीरज गुप्ता द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत बचत निवेश मोबाइल बैंकिंग इंटरनेट बैंकिंग एवं यूपीआई जैसी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास के साथ आर्थिक अपराध वृद्धि धोखाधड़ी से सावधानी रखनी चाहिए एवं मोबाइल बैंकिंग एवं यूपीआई से संबंधित ओटीपी पासवर्ड किसी से भी शेयर ना करें तथा पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहना चाहिए।

भगवान सिंह बघेल ने विभिन्न खातों का बैंकिंग लोकपाल के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए क्विज आयोजन एवं पुरस्कार का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार भीमटे ने किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा वाणिज्य संकाय की प्राध्यापक डॉ. डीपीएस नरवरिया तथा श्रीमती श्वेता सोलंकी को बधाई दी गई कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

मेट्रो एंकर

### तीन दिवसीय आईएमए का अधिवेशन शुरू

## चिकित्सकों का योगदान अतुलनीय : विधायक टण्डन



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा विदिशा में तीन दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। जो बेसिक लाइफ सपोर्ट और डॉग बाइट मैनेजमेंट पर केन्द्रित रहेगा। सेमीनार का शुभारंभ अटल बिहारी बाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के द्वितीय तल स्थित सेमीनार कक्ष में विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन व आईएमए के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सेमीनार को सम्बोधित करते हुए विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने कहा कि भारत चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी रहा चाहे वह आयुर्वेदिक चिकित्सा हो या अन्य विदिशा जिले के चिकित्सकों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कोरोना काल को रेखांकित करते हुए चिकित्सकों के द्वारा समर्पण त्याग की भावना से किए गए कार्यो की मुक्त कंठ प्रशंसा की है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने आईएमए के द्वारा विदिशा में सेमीनार करने के निर्णय को अतिप्रशंसनीय बताते हुए कहा कि सेमीनार से चिकित्सा क्षेत्र में नई उपलब्धियां अर्जित की जाएगी जिसमें विदिशा जिले का नाम शामिल रहेगा। इस प्रकार के आयोजनों को अति आवश्यक बताते हुए कहा कि स्थानीय चिकित्सकों खासकर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेन्टों को नई विधाओं से परिचित होकर सीखने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने चिकित्सकों से आव्हान किया कि वे जिले में बेसिक लाइफ सपोर्ट और डॉग बाइट मैनेजमेंट की नवीन जानकारियों का अधिक से अधिक हर स्तर पर प्रचार प्रसार करें ताकि आमजनों में जागरूकता संदेश पहुंच सकें। सेमीनार को मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ मनीष निगम, आईएम के स्टेट प्रसिडेंट श्री बी सुब्रा राव, नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम के जैन के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के अलावा आईएमए के पदाधिकारी ने सम्बोधित किया। कार्यशाला का संचालन डॉ संजय अग्रवाल ने किया और आगंतुको के प्रति आभार डॉ राहुल जैन के द्वारा अभिव्यक्त किया गया। सेमीनार में एमबीबीएस, बीएमएस, डीएचएमएस, आईडीए सहित अन्य चिकित्सकगण मौजूद रहें। मीडिया प्रभारी डॉ सुरेन्द्र सोनकर ने उक्त सेमीनार को बहु उपयोगी बताते हुए विदिशा जिले में डॉग बाइट एवं एक्सीडेंट से होने वाली मृत्यु कम की जा सकें को अति महत्वपूर्ण बताया।

## राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी प्रतियोगिता में छात्राओं का चयन होने पर शाल श्रीफल से किया सम्मान



**सरोंज ।** मध्य प्रदेश केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन के नेतृत्व में एलबीएस कॉलेज की तीन छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर की कहां की प्रतियोगिता में चयन हुआ था श्री सेन ने तीनों छात्राओं का साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया है। श्री सेन ने बताया कि सिरों को गोरावित करने वाली हमारी तीनों बेटियों रेणुका सेन राधिका सेन सुपुत्री श्री राकेश सेन एवं करिश्मा सुमन सुपुत्री श्री नन्नू लाल सुमन का राष्ट्रीय हॉकी खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाना हम सबको गोरावित करना है। मुझे आशा है आप तीनों अपने माता-पिता गुरुजनों के साथ-साथ सिरोंज एवं देश का नाम रोशन करेगी तीनों बेटियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं शुभकामनाएं दी । इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान सुरेश यादव महेंद्र पाल सिंह बघेल जुनैद खान रवि शंकर सेन सादिक कुरैशी जहीरुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।



**भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा...**

# माता-पिता गरीब थे पर उनकी 'अमीर सोच' ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को अलविदा कह दिया। इसी के साथ रानी के 16 साल के करियर का समापन हो गया। रानी रामपाल की कप्तानी में भारतीय टीम टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही थी। संन्यास लेने के बाद रानी ने कहा कि उनके माता-पिता बेहद गरीब थे लेकिन उनकी सोच बहुत प्रगतिशील थी, इसलिए मैं इस मुकाम तक पहुंच सकी। साथ ही उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने सालों तक खेलूंगी। मैंने बचपन में बहुत गरीबी देखी थी, लेकिन मेरा फोकस हमेशा कुछ बड़ा करना था।

### सपने देखो, वो जरूर पूरे होते हैं

गरीबी से निकलकर भारतीय महिला टीम की कप्तान बनना एक सपने के सच होने जैसा ही था। रानी ने दिखाया कि यदि हौसलें बुलंद हों तो सपने जरूर पूरे होते हैं। रानी ने भारत के लिए 254 मैच खेले और 205 गोल दागे व भारत की सबसे बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी बनीं। जीवन में कुछ पाने के लिए संघर्ष करना ही पड़ता है। रानी ने कहा, मेरे पास खेलने के लिए हॉकी स्टिक नहीं थी। मुझे मैदान पर एक टूटी हॉकी स्टिक मिली और मैंने उसी से खेलना शुरू कर दिया। मैंने खुद को साबित करने की ठान ली थी। रानी रामपाल ने गरीबी में बचपन बिताया। उनके पास संसाधनों की कमी थी लेकिन उन्होंने सिर्फ एक लक्ष्य तय किया कि उन्हें हॉकी खिलाड़ी बनना है। उन्होंने तमाम मुश्किलें झेलीं लेकिन इसके बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकी। रानी ने दिखाया कि यदि तुम कुछ हासिल करना चाहते हो तो उसके लिए कड़ी मेहनत ही एकमात्र जरिया है।

# अभिमन्यु, हर्षित और नितिश को मिला मौका

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित**

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम का भी ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज के लिए शुक्रवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है, जहां टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। भारत ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए 18 मेंबर्स स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन, हर्षित राणा और नितिश कुमार रेड्डी को चुना है। कुलदीप यादव कमर में दिक्कत के कारण टीम का हिस्सा नहीं है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें भी टीम में जगह नहीं मिली है।

वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भी टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच टीम इंडिया 3 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच और 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी में 2 सीरीज जीतीं। शमी अब तक फिट नहीं हो सके टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें टीम में जगह नहीं मिली है। शमी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जिसके लिए इस साल की शुरुआत में उनकी सर्जरी हुई थी। वे चोट की वजह से 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से मैदान से बाहर हैं।

### मयंक, शिवम और पराग चोट के कारण साउथ अफ्रीका दौरा मिस करेंगे

भारत की टी-20 टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने 4 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम पहला टी-20 मैच 8 नवंबर को डरबन में खेलेगी। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए मयंक यादव और शिवम दुबे को चोट की वजह से शामिल नहीं किया गया है। वहीं रियान पराग भी इंजरी के चलते चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।




### गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर। रिजर्व: मुकेश, नवदीप सैनी, खलील अहमद।

### टी-20 के लिए ऐसी होगी टीम

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 टी-20 मैचों के लिए भारत की टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाक, आवेश खान, यश दयाल।

# टेनिस: जापान ओपन में चीनी खिलाड़ी ने मोयुका को दी शिकस्त

### टॉप सीड क्विनवेन झेंग क्वार्टरफाइनल में



**टोक्यो. एजेंसी**

चीन की टॉप सीड खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। महिला एकल के प्रीक्वार्टरफाइनल में क्विनवेन ने गैरवरीय जापानी खिलाड़ी मोयुका यूझिमा को आसानी से 7-5, 6-0 से शिकस्त दे दी। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी खिलाड़ी का सामना कनाडा की लेयाल्हा फर्नांडेज से होगा।

**शतरंज, यूरोपियन क्लब कप: गुकेश को मिली क्लासिकल मैचों के बाद पहली हार**

# रूसी ग्रैंडमास्टर दिमित्री आंद्रेकिन ने हराया, विजयी अभियान थमा

**वर्नजाका बंजा (सर्बिया). एजेंसी**

भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश को यहां खेले जा रहे यूरोपियन क्लब कप में रूस के 34 वर्षीय ग्रैंडमास्टर दिमित्री आंद्रेकिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 19 वर्षीय गुकेश की 38 क्लासिकल मैचों के बाद यह पहली हार है। ऐसे में उनके विजय अभियान पर रोक लग गई। गुकेश टूर्नामेंट में टीम सुपरचेस के लिए खेल रहे हैं। टीम सुपरचेस के लिए खेल रहे भारत के अन्य युवा खिलाड़ी आर प्रग्गनानंदा को भी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी को ईरान के सैय्यद मोहम्मद अमीन ने हराया।



# विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे भारतीय पहलवान

**नई दिल्ली. एजेंसी**

**चैंपियनशिप 28 अक्टूबर से अल्बानिया में आयोजित होगी**

भारतीय कुश्ती एकबार फिर विवादों में घिर गई है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) ने विवादास्पद फैसला लेते हुए विश्व चैंपियनशिप में भारतीय टीम को नहीं भेजने का फैसला किया है। यह चैंपियनशिप 28 अक्टूबर से अल्बानिया में आयोजित होनी है। डब्ल्यूएफआइ ने इसके लिए खेल मंत्रालय को जिम्मेदार ठहराया। डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हमने इस बारे में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को जानकारी दे ही है कि खेल मंत्रालय हमारी स्वायत्ता में हस्तक्षेप कर रहा है। इस कारण हम विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम नहीं भेजेंगे। उन्होंने कहा, खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआइ की स्वयत्ता में हस्तक्षेप अभी तक जारी है। जब तक निलंबन नहीं हट जाता, स्थिति में सुधार नहीं आएगा।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# कॉस्मेटिक सर्जरी पर *कृति सेनन* मुखर, अच्छे दिखने के दबाव पर भी की बात

*कृति सेनन ने कहा है कि वो बोटोक्स और कॉस्मेटिक सर्जरी कराने वालों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वो नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हमेशा परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें...*

कृति सेनन की नवीनतम फिल्म 'दो पत्ती' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का अभिनेत्री बीते कुछ समय से जोर-शोर से प्रमोशन कर रही थीं। इस बीच अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बोटोक्स, कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में होने के कारण अच्छा दिखने के दबाव को लेकर भी बात की है। अभिनेत्री ने कहा कि वह कॉस्मेटिक बदलाव करवाने वाले लोगों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, वह नहीं चाहती हैं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, कृति सेनन ने कहा, मैं इसे लेकर बिल्कुल भी कोई राय नहीं बनाती। हर किसी का अपना-अपना तरीका होता है। आप अपने किसी अंग को बदलकर ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं, तो यह आप पर निर्भर करता है। ये फिर पूरी तरह से आपका फैसला है। आपको उस फैसले के साथ, जो भी होता है।



### फिल्टर जोन से हमेशा दूर रहना पसंद करती हैं कृति

अभिनेत्री ने कहा कि वह खूबसूरती से उम्र बढ़ाना चाहती हैं और अपना ख्याल रखना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वो फिल्टर जोन से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा, फ्रमुझे लगता है कि हम मानसिक रूप से अपने साथ जो कुछ भी कर रहे हैं, उसका असर आपके चेहरे पर भी दिखता है। इसलिए, आपको अपने हर तरह से स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। मैं हमेशा ऐसी तस्वीरें नहीं डालना चाहती, जिनमें मैं बिल्कुल परफेक्ट दिखूं।

## 'वॉर 2' के सेट से लीक हुई जूनियर एनटीआर की तस्वीर

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही जासूसी-थ्रिलर फिल्म अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। वहीं, अब मुंबई सेट से जूनियर एनटीआर की एक तस्वीर लीक हो गई है। इसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। 'वॉर 2' जासूसी-थ्रिलर जॉनर की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। 2019 में मूल फिल्म वॉर की बड़ी सफलता के बाद, यह सीक्वल रोमांचक जासूसी ब्रह्मांड का विस्तार करेगा। प्रशंसक उत्साहित हैं क्योंकि फिल्म प्रभावशाली स्टार पावर और एक्शन देने का वादा करती है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। इसी बीच मुंबई के सेट से जूनियर एनटीआर की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। हाल ही में, पर्दे के पीछे की एक तस्वीर लीक हुई जिसमें जूनियर एनटीआर मुंबई सेट पर सख्त और एक्शन अवतार में तैयार दिखे। यह फोटो तेजी से वायरल हो गया, क्योंकि इसमें मुख्य खलनायक जूनियर एनटीआर का अवतार और अंदाज देखते ही बना। इस फोटो को देखकर प्रशंसक उनके बॉलीवुड डेब्यू के लिए और ज्यादा उत्साहित हो गए हैं।

## एक्शन-रोमांस और थ्रिलर का भरपूर डोज लेकर आ रहे हैं वरुण धवन

वरुण धवन सभी के पसंदीदा अभिनेता हैं। वरुण की इस साल और अगले साल कई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होंगी, जिनमें सबसे पहले रिलीज होगी एक्सन से भरपूर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बनी। इसके अलावा भी वरुण कई प्रोजेक्टस को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इसके अलावा वरुण कई आगामी प्रोजेक्स में भी नजर आएंगे। आइए एक नजर डालते हैं वरुण की आगामी सीरीज और फिल्मों को लेकर। वरुण धवन इस साल कई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वरुण की आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में सबसे पहले वरुण की सीरीज सिटाडेल हनी बनी रिलीज होगी। सिटाडेल: हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। वरुण के साथ इस एक्शन ड्रामा सीरीज में समांथा रुथ प्रभु नजर आएंगी। सीरीज में सामंथा और वरुण के अलावा के के मेनन, सिमरन बग्गा और एम्मा कैनिंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह मूल रूप से सिटाडेल सीरीज का प्रीक्वल है। अब बात करते हैं वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन की। बेबी जॉन एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो कैलीस द्वारा निर्देशित और जियो स्टूडियो, सिने1 स्टूडियो और ए फॉर एप्पल प्रोडक्शंस के तहत एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म एटली की तमिल फिल्म थेरी (2016) की आधिकारिक रीमेक है। इसमें वरुण के साथ कीर्ति सुरेश (अपनी पहली हिंदी फिल्म में), वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ के साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर 2024 को रिलीज हो सकती है। 'बॉर्डर 2' में वरुण धवन होंगे इसकी आधिकारिक घोषणा भी हो चुकी है।





**मेट्रो बाजार**

# दिवाली पर अपनों को गिफ्ट देने में 1.85 लाख करोड़ खर्च करेंगे भारतीय



**नई दिल्ली. एजेंसी**

इस त्योहारी सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिसमें से 1.85 लाख करोड़ तो अपनों को गिफ्ट देने पर ही लोग खर्च कर देंगे। सबसे अधिक खर्च मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स खरीदने पर खर्च होने का अनुमान है। यह दावा लोकल सर्किल्स ने अपने सर्वे में किया है। सर्वे के मुताबिक, इस त्योहारी सीजन में भारतीयों की खरीदारी पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय लोग न केवल पारंपरिक मिठाइयों, बल्कि कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, गहने और अन्य उपहारों पर भी बड़ी राशि खर्च करने की योजना बना रहे हैं।

**फैंसी लाइटों, सजावट के सामानों से पटा बाजार:** इस दिवाली देसी सामान की मांग बढ़ रही है। तोरन, बंदनवार, हैंगिंग दीये, पानी वाले दीये, मेटल के दीये खूब डिमांड में हैं। लोगों में पारंपरिक सजावटी सामान खरीदने का रुख बढ़ा है। हालांकि सदर बाजार, दिल्ली के थोक विक्रेता सचिन शर्मा बताते हैं कि इस बार बाजार में चाइनीज लाइट खूब बिक रही हैं। लाइटिंग के मामले में फिलहाल चीन से मुकाबला संभव नहीं है। यदि अपने देश में 15 मीटर की लड़ी बनाएंगे तो वह 100 रुपए से कम में नहीं पड़ेगी। वहीं चीन की 15 मीटर लड़ी 40 रुपए में मिल जाती है।

# 1 नवंबर से लागू होगा नया नियम, 'ट्राई' के रुख से ब्लॉक हो सकते हैं ओटीपी और जरूरी मैसेज

**नई दिल्ली. एजेंसी**




बैंकों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और वित्तीय संस्थानों के लिए भेजे गए मैसेज की ट्रेसबिलिटी 1 नवंबर, 2024 से अनिवार्य होगी। टेलीकॉम नियामक ट्राइ के इस नए निर्देश को लेकर टेलीकॉम कंपनियों ने अपनी चिंता जताई है। उनका कहना है कि नए नियमों से वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) सहित दूसरे जरूरी ट्रांजैक्शनल और सर्विस मैसेज की डिलीवरी में बाधा आ सकती है। ट्राइ ने अगस्त में टेलीकॉम कंपनियों को निर्देश दिया था कि बैंकों और अन्य संस्थानों की ओर से भेजे गए मैसेज का ट्रैक रखना जरूरी है। अगर मैसेज भेजने की प्रक्रिया में शामिल टेलीमार्केटर्स की पूरी चेन ठीक से तय नहीं है या सही क्रम में नहीं है तो ऐसे मैसेज को रोक दिया जाएगा। यानी वह मैसेज ग्राहकों तक नहीं पहुंचेगा और ब्लॉक कर दिया जाएगा। टेलीकॉम कंपनियों का कहना है कि इन नए नियमों के चलते ओटापी और अन्य जरूरी मैसेज ग्राहकों तक नहीं पहुंच सकते। इसकी वजह यह है कि कई टेलीमार्केटर्स और बैंकों-ईकॉमर्स सहित प्रमुख संस्थानों (पीई) अभी तक इन नियमों का पालन करने के लिए जरूरी तकनीकी बदलाव नहीं कर पाए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में रोज करीब 1.5-1.7 अरब कमर्शियल मैसेज भेजे जाते हैं। अगर इन नियमों के कारण मैसेज ब्लॉक या डिले होते हैं तो व्यापक असर होगा। टेलीकॉम कंपनियों ने कहा, टेलीमार्केटर्स और संस्थानों को 2 माह का और समय मिलना चाहिए।

# ईंटखेड़ी, मिसरोद में जुए की फड़ों पर पुलिस ने मारा छापा



हजारों की राशि और ताश पत्ते बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी पुलिस ने अचारपुरा स्थित फार्म हाउस में चल रही जुए की फड़ पर छापा मारकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार मिसरोद पुलिस ने जुए की एक फड़ पर छापा मारकर 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही स्थानों से हजारों रुपये की नगद राशि और ताश पत्ते जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक 24 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि अचारपुरा स्थित एक फार्म हाउस पर कुछ लोग ताश पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लोगों को दबोच लिया। पकडे गए जुआरियों के नाम आशीष जैन, देवेंद्र शाक्य, लक्ष्मण सिंह, राजीव विश्वकर्मा, शशांक गोयल, नरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र प्रजापति, नमन जैन और शुभम जैन बताए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इधर मिसरोद पुलिस ने प्रकाश गार्डन के पास जुआ खेल रहे भारत सिंह, अतुल, जसवंत, सौरभ, पप्पू उर्फ भगवानदास, अनिल, शुभम, विनोद, पुनीत, दीपक, अमित, अनुराग, पृथ्वी, गुलशन, संदीप और सुदीप को जुआ खेलते हुए पकडा।

# बच्चों के साथ नहाने गया 14 साल का किशोर डूबा

- डर के कारण दो दिन तक बच्चों ने छिपाकर रखी डूबने की बात
- 23 अक्टूबर बुधवार सुबह निकला था बच्चा, रात में पुलिस ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ईकोलॉजिकल पार्क के पास खंती से शुक्रवार शाम चौदह साल के किशोर की लाश बरामद की गई। किशोर मोहल्ले में रहने वाले 9-10 साल के बच्चों के साथ नहाने के लिए खंती पहुंचा था। नहाते समय वह पानी में डूब गया।

डर के कारण बच्चों ने अपने और किशोर के परिजन को उसके डूबने की बात नहीं बताई। पुलिस के अनुसार मोहित जरीवार उर्फ पन्नू पिता नंदू जरीवार (14) कृष्णा नगर, बरखेड़ा पठानी में रहता था। वह कक्षा आठवीं में पढ़ता था। 23 अक्टूबर बुधवार सुबह मोहित घर से लापता हो गया। परिजन ने उसकी तलाश करते रहे पर कुछ पता नहीं चला। बुधवार रात परिजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी।

### बच्चों ने बताया डूब गया मोहित

सीसीटीवी में नजर आए बच्चों से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन बच्चे कुछ कहने को तैयार नहीं थे। बमुश्किल पुलिस से पूछताछ में पता चला कि मोहित उनके साथ नहाने ईकोलॉजिकल पार्क पहुंचा था, वहां खंती में नहाते समय डूब गया। उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया। गोविंदपुरा पुलिस शुक्रवार शाम कटारा पुलिस के साथ पहुंची और मोहित की लाश बाहर निकाल पीएम के लिए भेज दी।

### अलग-अलग जगह देखे सीसीटीवी फुटेज

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि मोहित की तलाश के लिए टीम का गठन किया। टीम ने बरखेड़ा पठानी, मिसरोद, भोपाल रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड समेत करीब 40 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे पर सफलता हाथ नहीं लगी। अंत में पुलिस लहारपुर पहुंची और वहां सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए गए। मोहित 9-10 साल के बच्चों के साथ नजर आया।

## जीआरपी ने केस दर्ज कर शुरू की आरोपी की तलाश

# रेलवे पटरी के किनारे लावारिस मिला 3 लाख रुपए का गांजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जीआरपी ने रेलवे पटरी के किनारे एक ट्राली बैग और एक थैला जब्त किया, जिसके अंदर 3 लाख रुपये कीमत का गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। यहां गांजा सीहोर रेलवे स्टेशन के नजदीक भोपाल छोर से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर सीहोर जीआरपी के अधिकारी और कर्मचारी स्टेशन की चैकिंग के लिए निकले थे।



प्लेटफार्म क्रमांक, प्लेटफार्म क्रमांक 2 और मुसाफिर खाना चैक करते हुए पुलिस टीम प्लेटफार्म क्रमांक एक पर भोपाल छोर की तरफ पहुंची तो पटरी किनारे यार्ड के पास एक ट्राली बैग और एक थैला लावारिस हालत में पडे दिखे। नजदीक जाकर देखा तो दोनों बैग से मादक पदार्थ गांजे जैसी गंध आ रही थी। लावारिस बैगों के पड़े होने की सूचना तत्काल ही वरिष्ठ अधिकारी को दी गई। उसके बाद बैग खोलकर चैक किए गए तो उसके अंदर कुल 13 पैकेट टेप में लिपटे हुए मिले। तौल कांटे पर वजन करने पर 13 किलोग्राम गांजा निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आसपास के इलाके में तलाश करने पर बैगों का कोई भी मालिक नहीं मिला। उसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर डायरी भोपाल जीआरपी भेजी, जहां असल कायमी कर ली गई। जब्त हुए गांजे की कीमत 3 लाख रुपये बताई गई है। इसके साथ ही बैग के अंदर एक आसमानी रंग की शर्ट और एक गमछा भी रखा हुआ था। जीआरपी गांजा तस्करों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### तलवार लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया

बैरसिया पुलिस ने इलाके में तलवार लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार-गुरुवार की रात बैरसिया थाने की पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि शमशाबाद चौराहे पर एक व्यक्ति तलवार लेकर ख?ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बताए गए हुलिये का युवक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सौरभ सेन (21) निवासी महानीम चौराहा जिला विदिशा बताया।

## चालक के खिलाफ केस दर्ज

# तेज रफ्तार बाइक चालक ने युवक को मारी टक्कर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसी प्रकार परवलिया इलाके में एक व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में टक्कर मारने वाले वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दीपक कुमार चौधरी (39) रविशंकर नगर में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं।

बुधवार की रात करीब पौने ग्यारह बजे वह सेकेंड स्टाप होते हुए अरेरा क्लब की तरफ जा रहे थे। वह जैसे ही तरुण पुष्कर तिराहा क्रास करने लगे, वैसे ही नानके पेट्रोल पंप की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज कराने के बाद उन्होंने टीटी नगर थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर परवलिया इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार मुंगालिया हाट निवासी दिनेश बैरागी ग्राम झिरनिया स्थित शर्मा प्लांट पर काम करते हैं। पिछले दिनों रात करीब साढे आठ बजे वह काम से घर लौट रहे थे। उसी समय उनका बेटा अंकित बैरागी अपने दोस्त को उसकी ड्यूटी पर छोड़ने के लिए जा रहा था। अंकित जब दौलतपुर ठिकरिया जोड़ के पास पहुंचा तो देखा कि उसके पिता को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उस वक्त टक्कर मारने वाला बाइक सवार भी गिर गया था। अंकित ने अपने दोस्त के साथ मिलकर घायल पिता को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बाद में गुरुवार को थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। घायल का अभी इलाज चल रहा है।

# निजी अस्पताल के मेल नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कुंदन नगर में शुक्रवार दोपहर मेल नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे बेहोशी की हालत में पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव मर्चूरी भेज दिया है। आज शनिवार को उसका पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार अरविंद वर्मा पिता लखनलाल वर्मा (28) कुंदन नगर, बागसेवनिया में रहता था और निजी अस्पताल में मेल नर्स था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा बच्ची है।

पत्नी कॉल सेंटर में काम करती है। शुक्रवार को वह कॉल सेंटर गई हुई थी, जबकि अरविंद घर में बच्ची के साथ था। दोपहर करीब डेढ बजे बच्ची ने मां को कॉल कर बताया कि पापा कुछ बोल नहीं रहे हैं। वह तत्काल घर पहुंची और बेहोशी की हालत में अरविंद को अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अरविंद को मृत घोषित कर दिया।



### 6 साल पहले हुआ था एक्सीडेंट

एएसआई रिपूसुदन भदौरिया ने बताया कि अरविंद का करीब छह साल पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसे गंभीर चोट थी। इलाज के बाद उसकी जान तो बच गई, लेकिन सीने में उसे अक्सर दर्द होता था। शुक्रवार को भी उसे सीने में दर्द हो रहा था। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

# रेवांचल एक्सप्रेस से बैग और मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेवांचल एक्सप्रेस में सफर कर रहे दो यात्रियों के ट्राली बैग और मोबाइलफोन समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। इसी प्रकार रिजर्वेशन काउंटर पर रखा एक यात्री का मोबाइल चोरी हो गया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी अंकुश प्रताप सिंह रेवांचल एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-4 में सतना से भोपाल की यात्रा कर रहे थे।

उन्होंने अपना ट्राली बैग सीट के नीचे रखा था। भोपाल स्टेशन आने पर उनकी नींद खुली तो ट्राली बैग गायब था। बैग के अंदर 15 हजार रुपये कीमत की किताबें, 5 हजार रुपये कीमत की एक हार्ड डिस्क, लैपटाप चार्जर समेत करीब 22 हजार रुपये का सामान रखा हुआ था। इसी कोच में बालाघाट निवासी शैलेष नागपुरे रीवा से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया था। भोपाल स्टेशन पर शैलेष की नींद खुली तो उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपये बताई गई है। जीआरपी ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### सोते समय चोरी हो गए 2 मोबाइल

चांदबड़ निवासी वाला राजेश बरौलिया सोमवार की रात को भोजन करने के बाद टहलने के लिए रेलवे गाउंड पहुंचे। कुछ देर टहलने के बाद वह एक स्थान पर बैठकर आराम करने लगे। इस दौरान उसने अपने दो मोबाइल जेब से निकालकर बगल में रख दिए थे। आराम करते समय उन्हें नींद लग गई। करीब एक घंटे बाद नींद खुली तो पास में रखे दोनों मोबाइल चोरी हो चुके थे। चोरी गए मोबाइलों की कीमत 23 हजार रुपए बताई गई है। घटना के बाद राजेश जरूरी काम से झांसी चला गया था। वापस लौटने के बाद गुरुवार को जीआरपी पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## युवक पर उस्तरा से हमला, सिर में चार जगह लगी गहरी चोट

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पातरा रोड पर पुलिस चौकी के पास पीठे पर खडे मजदूर पर बदमाश ने उस्तरे से हमला कर दिया। उस्तरा सिर में चार जगह लगने से मजदूर को गंभीर चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के जीजा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ी निवासी 52 साल का कैलाश शाक्य मजदूरी करता है। पातरा रोड चौकी के पास वह पीठे पर काम की तलाश में खड़ा था। इस दौरान वहां कमल लंगड़ा भी मौजूद था। कमल अपने साथियों के साथ खडा होकर तेज आवाज में बात कर रहा था। कैलाश ने उसे दूर जाकर खडे होने और बात करने का कहा। इस पर कमल भड़क गया और कैलाश के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करते हुए आरोपी ने कैलाश पर उस्तरे से हमला किया था।

## महिला से अड़ीबाजी, गाली देने से मना करने पर तोड़ा दांत

**भोपाल।** टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र में जेल से छूटे बदमाश ने शराब के लिए अड़ीबाजी की। महिला ने जब रुपए देने से इंकार किया तो उसने मुक्का मारकर उसका दांत तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हरिजन बस्ती टीला जमालपुरा निवासी नगमा (24) गृहणी हैं। गुरुवार दोपहर करीब साढे 11 बजे उनके घर के पास बदमाश नफीस पहुंचा। उसने नगमा से कहा कि वह अभी जेल से छूटा है इसलिए उसे शराब पीने के लिए दो सौ रुपए चाहिए। महिला ने जब रुपए देने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। जब उसे गाली देने से मना किया तो बदमाश ने महिला के मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे उसका एक दांत टूट गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो बदमाश धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।

मेट्रो एंकर

## आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस

# तीन महिलाओं के साथ मनचलों ने की अश्लील हरकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में गत चौबीस घंटे के भीतर अलग-अलग इलाकों में तीन महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई हैं। एक मामले में मनचले ने परिजन के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने सभी प्रकरणों में मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार तलैया इलाके में रहने वाली 24 साल की महिला गृहणी है। मोहल्ले में रहने वाला सबीन नामक युवक काफी दिनों से उसे परेशान कर रहा था। वह मोबाइल पर अश्लील बात करता था।

महिला जब भी घर से बाहर आती-जाती तो वह उसका पीछा कर परेशान करता था। चार दिन पहले सबीन ने महिला के साथ रास्ते में अश्लील हरकत की और जब उसने इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। समझाइश के बाद भी जब आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुई तो पीड़िता ने गुरुवार शाम उसके खिलाफ शिकायत की।



**किराएदार ने की महिला से छेड़छाड़:** निशातपुरा पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर किराएदार के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 49 वर्षीय महिला गृहणी है। उसने अपने मकान को किराए पर दे रखा है। गुरवार सुबह महिला घर पर अकेली थी, जबकि पति और बच्चे काम पर गए थे। इसी दौरान किराएदार ने महिला के साथ अश्लील हरकत कर दी। पीड़िता ने विरोध किया तो किराएदार के साथी ने उनके साथ मारपीट कर दी। परिजन को पता चला तो शुक्रवार को महिला को लेकर थाने पहुंचे, वहां पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

### पति के दोस्त ने की अश्लील हरकत

निशातपुरा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति और दोस्त के खिलाफ छेडछाड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 30 वर्षीय महिला गृहणी है, जबकि उसका पति मिस्त्री है। पति के साथ काम करने वाला गजराज नामक युवक कुछ समय पहले उसके घर आया था। बाद में वह महिला से बातचीत करने लगा। गजरात बोलता था कि अपने पति को छोड़ दो और हमारे साथ रहो। महिला ने जब उससे बातचीत करना बंद कर दिया तो वह पीछा कर परेशान करने लगा। महिला के पति ने गजराज को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुई। आखिरकार परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दिया।

## फर्जी तरीके से प्लाट बेचे...

# बिल्डर दंपती पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर पुलिस ने असनानी बिल्डर और उनकी पत्नी समेत अन्य पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। जांच में यह बात सामने आई कि बिल्डर ने अवैधानिक रूप से जमीन खरीदी थी और उक्त जमीन पर प्लॉट काटकर बेच दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार असनानी बिल्डर एंड डवलपर्स के डायरेक्टर ओम प्रकाश कृपलानी, जया कृपलानी, बिशन असनानी और मनोज बुल चंदानी द्वारा कमला नगर इलाके में अवैधानिक रूप से खरीदी गई थी। उक्त भूमि सूर्या गृह निर्माण सहकारी संस्था और सहजीवन गृह निर्माण सहकारी संस्था की थी। उक्त जमीन को नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय से नक्शा अनुमोदित करा लिया। इसके बाद प्लॉट काटकर बेच दिए। बेची गई भूमि में प्लाट 15 ए सहजीवन सहकारी संस्था की है।

बिल्डर द्वारा 6 दिसंबर वर्ष 2000 में 0.90 एकड़ भूमि अपने सदस्यों को आवंटित कराई थी। यह तथ्य सहकारिता विभाग के ऑडिट में सामने आए। यह जमीन केवल सम्राट अशोक गृह निर्माण संस्था मर्यादित के सदस्यों को ही बेची जानी थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022